2020 से 2022

Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -338 शुक्रवार ,14 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

ज्ञान की बातें

आलस्य मनुष्य की
देह में रहनेवाला सबसे
बड़ा शत्रु है।
-भर्तृहरि-

मानव बलि मामले में चौंकाने वाले खुलासे

सामने आया पैसा,यौन विकृत मानसिकता और 'नरभक्षी' होने का खेल

केरल, 13 अक्टूबर 2022। केरल के पतनमतिट्ठा जिले में काला जादू के नाम पर दो महिलाओं की बलि देने का हैरतअंगेज मामला सामने आया है। आर्थिक मदद करने के नाम पर इन महिलाओं को यहां बुलाया गया और फिर अपहरण कर उनकी 24 घंटे में हत्या कर दी गई। इनके शवों को टुकड़े-टुकड़े कर घर के पीछे ही दबा दिया गया। यही नहीं, आरोपितों द्वारा इनके टुकड़े खाने का भी संदेह जताया जा रहा है।

मानव बलि दोहरे हत्याकांड में हो रहे लगातार खुलासे

इस बर्बर हत्याकांड का खुलासा करते हुए कोच्चि शहर के पुलिस आयुक्त सी नागराजू ने बुधवार को कहा कि केरल के पथानामथिट्टा जिले में चौंकाने वाली %मानव बलि% दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी मोहम्मद शफी उर्फ रशीद है, जिसे अपने पीड़ितों को चोट पहुंचाने से सुख मिलता था। पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस ने एक दंपती समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान शफी, भगवल सिंह और उसकी पत्नी लैला के रूप में हुई। आरोपितों को मंगलवार को एर्नाकुलम की जिला एवं सत्र अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

बर्बर तरीके से की गई महिलाओं की हत्या

पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने पीड़ितों रोसेलिन (50)और पद्मा (52) को गला घोंटने से पहले बांध दिया था और उन्हें प्रताड़ित किया गया। इस दौरान महिलाओं के स्तन काटे गए और इसके बाद उनका खून बहने दिया गया। पुलिस प्रमुख ने कहा कि शवों में से एक के 56 टुकड़े किए गए। पीड़ितों के तीन गड्ढों से शव के अंग मिले हैं। शवों के टुकड़ों को निकाल लिया गया है।

शफी ने भगवल सिंह और लैला के साथ मिलकर रची साजिश

उन्होंने बताया कि कोच्चि क्षेत्र की दो लाटरी विक्रेता रोसलिन और पदमा के क्रमशः जून और सितंबर महीने में लापता होने के केस दर्ज किए गए थे। जांच के दौरान पुलिस को मानव बलि के बारे में पता चला। मुख्य आरोपित शफी ने इन दोनों महिलाओं को वित्तीय मदद करने के बहाने पतनमतिट्ठा बुलाया। शफी ने पीड़ितों को अश्लील फिल्म में काम करने के लिए पैसे देने का वादा किया था।

पुलिस ने कहा कि उसी समय उसने भगवल सिंह और लैला को अपनी वित्तीय परेशानियों को खत्म करने और अमीर बनने के लिए मानव बलि देने की सलाह दी। उसने अधिक पैसा कमाने के लालच में भगवल सिंह और उसकी पत्नी के साथ मिलकर इन दोनों की अपहरण के कुछ समय बाद ही बलि दे दी और शवों को टुकड़े-टुकड़े कर घर में ही पीछे की ओर दबा दिया।

महिलाओं के फोन शफी के पास मिले

नागराजू ने कहा कि मामले में शफी का पहला मकसद पैसों से संबंधित नहीं था, बल्कि उसकी सेक्स-अपराधों से संबंधित प्रवत्ति थी। उन्होंने कहा कि शफी और दंपति के बीच कोई बड़ा लेन-देन नहीं हुआ। हम इसकी आगे जांच करेंगे। पुलिस ने कहा कि हत्या की गई महिलाओं के फोन शफी के पास मिले हैं। सीसीटीवी फुटेज और उसके द्वारा छोड़ी गई एक कार की मदद से शफी का पता लगाया गया। इस जांच ने पुलिस को पथानामथिट्टा के घर तक पहुंचाया, जहां भगवल सिंह और उनकी पत्नी ने हत्याकांड में शामिल होने का जुर्म कबूल किया है।

पीएम मोदी ने देश को दी चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात

शिमला, 13 अक्टूबर 2022। ट्रेन में यात्रा को सुगम और सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रमुख त्यौहार दिवाली के पहले हिमाचल प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश की चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की बड़ी सौगात दी है। पीएम मोदी ने हिमाचल प्रदेश के ऊना रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन हिमाचल प्रदेश के अंब अंदौरा स्टेशन से नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच चलेगी। अधिकारियों ने कहा कि नयी वंदे भारत ट्रेन पहले की ट्रेन की तुलना में अधिक उन्नत और हल्की है तथा कम अवधि में तेज गति से चलने में सक्षम है।

बुधवार को छोड़ सभी दिन चलेगी वंदे भारत ट्रेन

ट्रेन बुधवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी और अंबाला, चंडीगढ़, आनंदपुर साहिब तथा ऊना में रुकेगी। यह महज 52 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। इस ट्रेन की शुरुआत से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने और यात्रा का एक आरामदायक और तेज माध्यम प्रदान करने में मदद मिलेगी।

इससे पहले, प्रधानमंत्री के ऊना के पेखुबेला हेलीपैड पहुंचने पर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उनका स्वागत किया।

प्रधानमंत्री बाद में राज्य के दो जिलों में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने और आधारशिला रखने के बाद ऊना और चंबा जिलों में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पिछले पांच साल में प्रधानमंत्री का हिमाचल प्रदेश का यह नौवां दौरा है। हिमाचल प्रदेश में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

वहीं किराए की बात करें तो अगर आप चेयर कार में दिल्ली से चंडीगढ़ की यात्रा करते हैं तो आपको 805 रुपए देने होंगे। वहीं एग्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 1495 रुपए है। आपकी यात्रा 2:50 घंटे में पूरी हो जाएगी। वंदे भारत अंब अंदौरा और नई दिल्ली से हफ्ते में छह दिन, बुधवार छोड़कर चलेगी। ट्रेन अंबाला, चंडीगढ़, आनंदपुर साहिब और हिमाचल प्रदेश के ऊना स्टेशन पर रुकेगी।

ट्रेन में आप चेयर कार या एग्जीक्यूटिव चेयर कार से सफर कर सकते हैं।ट्रेन में यात्रा को सुगम और सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रमुख त्यौहार दिवाली के पहले हिमांचल प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश की चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की बड़ी सौगात दी है।

भरभराकर गिरी कच्ची दीवार : चारपाई पर सो रही दो मामूस बच्चियां मलबे में दबी

कानपुर ,13 अक्टूबर 2022। जिले में बारिश के चलते कई घर धराशायी हो गए। इसी कड़ी में देर रात लालपुर गांव में कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। मलबे में दो मासूम दब गए। ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने दोनों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद मासूम सहमी हुई है। परिजनों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। एसडीएम ने मासूम का इलाज सीएचसी में करवाने के लिए निर्देशित किया है।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के पड़री लालपुर गांव का है। गांव निवासी उमेश कुशवाहा मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते है। घर पर पत्नी रामजनकी और तीन बेटियां हैं। बीती देर रात वह रोज की तरह खाना खाकर लेटे थे। पास की चारपाई पर बेटी क्षमा (5), सेजल (2) लेटी हुई थी।

देर रात अचानक तेज आवाज के साथ कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। मलबा चारपाई पर आ गिरा। इससे दोनों मासूम मिट्टी के नीचे दबकर घायल हो गई। परिजनों ने शोर मचाया तो ग्रामीणों ने पहुंचकर मिट्टी हटाकर मासूम को बाहर निकाला। परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने क्षमा का पैर फैक्चर होने पर प्लास्टर चढ़ाया है। छोटी बेटी को चोट आई है। पैसे कम होने की वजह से वह अपनी बेटियों का इलाज कराने में असमर्थ है। पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

गैस सिलेंडर लीक होने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

पटना , 13 अक्टूबर 2022। बिहार के गोपालगंज में गैस सिलेंडर के रिसाव से बीमार पड़े चार लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई । घटना जादोपुर थाना क्षेत्र के बलुआ टोला गांव की है. हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने जादोपुर बाजार को बंद करा दिया है और मुआवजे की मांग को लेकर शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया । वहीं, दूसरी तरफ खाना बनाने के दौरान हुए इस दर्दनाक हादसे की जिला प्रशासन की ओर से मामले की जांच कराए जाने की बात कही जा रही है ।

सदर अनुमंडल पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले में जांच रिपोर्ट मांगी गई है । पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के लिए सरकार का प्रावधान है, उसपर भी कार्रवाई चल रही है । वहीं दूसरी तरफ सड़क पर शव को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग पर सवाल उठा रहे हैं । लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक स्तर पर इन परिवारों को बेहतर इलाज कराने के लिए कदम नहीं उठाया गया और न ही अबतक किसी तरह की सहायता पीड़ित परिवार को मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार, गैस रिसाव की घटना में गंभीर रूप से झुलसे द्वारपति देवी की घटना के दिन ही मौके पर मौत हो गयी थी । जबकि मृतका के पुत्र ओमप्रकाश वर्णवाल, सन्नी कुमार की इलाज के दौरान बीते सोमवार को मौत हो गयी।

देश के कई राज्यों में इस साल नहीं बढ़ेगी ठंड

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2022। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई हिस्सों में अभी हाल ही में बारिश हुई जिसके बाद मौसम का मिजाज बदल गया। पारा इतना नीचे आ गया कि एसी छोड़िए पंखा भी बंद करने की नौबत आ गई। ऐसे में लोग यह पूछने लगे कि क्या सर्दी इस बार जल्दी आने वाली है। इसी बीच जलवायु विशेषज्ञों और दक्षिण एशियाई जलवायु आउटलुक फोरम की रिपोर्ट कुछ अलग ही इशारा दे रही है। ला नीना के बावजूद इस बार रात में तापमान अधिक रहेगा जैसा आमतौर पर होता नहीं है। इस रिपोर्ट के अनुसार इस साल की सर्दियों में भारत के अधिकांश हिस्सों में रातें गर्म रहेंगी। जो अनुमान लगाया गया है यदि वैसा ही रहा तो नवंबर और दिसंबर के शुरुआती दिनों में रात के वक्त कंबल की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

नवंबर और दिसंबर में भी बढ़ा रहेगा तापमान- आने वाले नवंबर और दिसंबर के महीनों में

प्रशांत महासागर के ऊपर ला नीना के बावजूद रात के वक्त सामान्य से अधिक तापमान का अनुभव होगा। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने प्रशांत महासागर में लगातार तीसरे वर्ष ला नीना का प्रभाव रहेगा। एक्सपर्ट और पहले की स्टडी के अनुसार ला नीना की वजह से आमतौर पर भारत में तापमान कम रहता है। हालांकि इस बार ऐसा होने की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग के संकेत स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं और और ला नीना के बावजूद, इस साल नवंबर और दिसंबर में रात का तापमान अधिक रहने की संभावना है।

रिपोर्ट के आधार पर भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक वैज्ञानिक ने बताया कि भारत के अधिकांश क्षेत्रों में इस साल अक्टूबर से दिसंबर तक रात के वक्त सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत के अधिकांश हिस्सों में, अत्यधिक उत्तर और उत्तर पूर्व को छोड़कर, इस साल अक्टूबर से दिसंबर तक ठंडे दिन रहने की संभावना है लेकिन रात का तापमान अधिक रहेगा।

क्या होता है अल नीनो और ला नीना

यह दोनों ही स्पेनिश भाषा के शब्द हैं। अल नीनो का मतलब स्पेनिश भाषा में छोटा लड़का होता है। ला नीना का स्पेनिश भाषा में मतलब छोटी लड़की होता है। प्रशांत महासागर में समुद्री सतह के औसत तापमान मे वृद्धि को अल नीनो और तापमान कम होने को ला नीना कहा जाता है। अल नीनो 2 से 7 साल के अंतराल पर आता रहा है। समुद्री सतह पर इसकी मौजूदगी से सतह का औसत तापमान 5 डिग्री तक बढ़ जाता है। वहीं दूसरी तरफ ला नीना का प्रभाव अल नीनो के बिल्कुल उलट है। ला नीना में 2 से 5 डिग्री तापमान कम होता है और इस दौरान मौसम ज्यादा नम होता है।

गुजरात के आप अध्यक्ष दिल्ली पुलिस की हिरासत में,प्रधानमंत्री मोदी पर की थी टिप्पणी

आप
मी
गुजरात
प्रदेश

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2022। दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुजरात आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष गोपाल इटालिया को गिरफ्तार कर लिया है। बता दे की गोपाल इटालिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा है, इस बाबत एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस गोपाल इटालिया को सरिता विहार थाने लेकर आई है, जहां पर उनसे पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार आम आदमी पार्टी के जो कार्यकर्ता आयोग के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। उसको लेकर भी दिल्ली पुलिस को एक शिकायत दी गई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, शिकायत के आधार पर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने गोपाल इटालिया को हिरासत में ले लिया है। गोपाल इटालिया ने पीएम मोदी को नौटंकी बताया था।

साथ ही उन्होंने पीएम के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। इसके बाद बीजेपी नेता अमित मालवीय ने ट्वीट कर के इटालिया पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि इस तरह के अपशब्दों का इस्तेमाल करना ना सिर्फ देश के प्रधानमंत्री का अपमान करना है, बल्कि गुजरात के गौरव को गाली देने के समान है। यह हर गुजराती का अपमान है।

सिसोदिया और संजय सिंह ने बीजेपी पर साधा निशाना

वहीं, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा है कि जो लोग गोपाल इटालिया को गिरफ्तार कर रहे हैं, उन्हें स्कूल चलाना नहीं आता। 27 साल में भी ये लोग स्कूल नहीं ठीक कर पाए। गोपाल इटालिया उस पार्टी (आम आदमी पार्टी) से आते हैं जो स्कूलों को अच्छा बना रही है। आम आदमी पार्टी (क्क) के नेता संजय सिंह ने गुजरात के पार्टी अध्यक्ष गोपाल इटालिया को हिरासत में लिए जाने को लेकर बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, बीजेपी को पटेल समाज के लोगों से इतनी नफरत क्यों है? गुजरात में गोपाल इटालिया की लोकप्रियता बढ़ने लगी, चुनाव में हार का डर सताने लगा तो दिल्ली में बीजेपी की पुलिस ने गोपाल इटालिया को गिरफ्तार कर लिया।

पेड़ पर लटका मिला प्रेमी जोड़े का शव,इलाके में फैली सनसनी

जांच में जुटी पुलिस

विदिशा, 13 अक्टूबर 2022। मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में प्रेमी जोड़े ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. जामुन के पेड़ पर एक ही रस्सी से दोनों लटके मिले हैं. जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है. प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी-प्रमिका ने आत्मघाती कदम उठाया है. घटना करारिया थाना क्षेत्र के ग्राम नीमखेड़ा की है. जानकारी के मुताबिक आज सुबह ग्राम नीमखेड़ा में लोगों की जब नींद खुली, तो गांव के बाहरी क्षेत्र में जामुन के पेड़ पर उन्हें कुछ लटकता दिखाई दिया. जब नजदीक से जाकर देखा तो एक ही रस्सी से गांव का ही 22 वर्षीय दीपक गौड़ और उसी रस्सी के दूसरे छोर पर 17 वर्षीय किशोरी रस्सी के फंदे पर लटकती मिली. फांसी पर लटकी होने की सूचना तुरंत ही खामखेड़ा चौकी को दी गई।

खामखेड़ा चौकी प्रभारी और करारिया थाना टीआई अरुणा सिंह भी मौके पर पहुंचे. गांव से जनपद उपाध्यक्ष मलखान सिह ने बताया कि युवक और किशोरी दोनों ही गांव के ही हैं. मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है. दोनों ने एक ही रस्सी पर फांसी लगाई है. उनकी मौत हो चुकी है. सरपंच जगमोहन सक्सेना ने भी प्रेम प्रसंग के मामले में आत्महत्या करने की बात कही है. हालांकि दोनों मृतकों के परिजनों की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है. पुलिस ने दोनों शवों को उतारकर जिला अस्पताल पीएम के लिए भेजा है. इस पूरे घटनाक्रम को लेकर एसपी समीर यादव ने बताया कि शव के परीक्षण और तमाम बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. किन कारणों से दोनों ने इस घटना को अंजाम दिया है. फिलहाल मामले की जांच की जा रही है.

पांडु नदी में गिरे बाइक सवार दो युवक लापता : 12 घंटे बाद पुलिस ने बरामद की बाइक

कानपुर ,13 अक्टूबर 2022। पनकी में जन्मदिन की पार्टी मना कर घर लौट रहे बाइक सवार युवक पांडु नदी पर बने अस्थाई पुल को पार करते समय नदी में जा गिरे। मामले की जानकारी पर गोताखोरों की मदद से लापता हुए दोनों युवकों की तलाश की जा रही है। हालांकि पुल से कुछ दूरी पर झाड़ियों में फंसी बाइक को बाहर निकाल लिया गया है। ढकना पुरवा निवासी तौफीक (22) न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में मोबाइल की दुकान चलाता है, जबकि उसका दोस्त जूही निवासी सलमान (21) बाइक रिपेयरिंग का काम करता है। बुधवार शाम तौफीक सलमान के साथ पनका बहादुर नगर अपने मित्र विजय उपाध्याय के घर जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के लिए गया था।

आर्मी डॉग जूम शहीद,गोलियां लगने के बाद भी आतंकियों से जूझता रहा

हमारे फौजियों ने आतंकियों को मार गिराया.

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2022। भारतीय सेना का लड़ाकू डॉग जूम शहीद हो गया है. श्रीनगर स्थित 54 एडवांस्ड फील्ड वेटरीनरी हॉस्पिटल में उसने आज यानी 13 अक्टूबर 2022 की दोपहर पौने 12 बजे आखिरी सांस ली. 12 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया. बेल्जियन मैलिनॉय ब्रीड के जूम ने कुछ दिन पहले ही अनंतनाग में एक घर छिपे दो आतंकियों पर घातक हमला किया था. जिसके बाद हमारे फौजियों ने आतंकियों को मार गिराया.

इस मुठभेड़ के दौरान आतंकियों ने जूम को दो गोली मारी. गोलियों की वजह से उसका चेहरा बिगड़ गया था. उसके पिछले पैर में गोली लगी थी. जूम की उम्र ढाई साल थी. वह 10 महीनों से भारतीय सेना के उत्तरी कमांड में स्थित 15वें कॉर्प्स के लिए देश के दुश्मनों से लोहा ले रहा था. जब इसकी कहानी सोशल मीडिया पर आई थी, तभी से लोग इसके सेहतमंद होने की प्रार्थना कर रहे थे. लेकिन जूम बच नहीं पाया. जूम की ट्रेनिंग सिर्फ और सिर्फ आतंकियों को पकड़ने और मार गिराने के लिए की गई है.

जूम ने अनंतनाग के तंगपावास में एक घर में छिपे दो आतंकियों पर चुपके से खतरनाक हमला किया था. आतंकी फौजियों की चेतावनी पर आम लोगों को निशाना बना रहे थे. तब सैनिकों ने जूम को आतंकियों की ओर भेजा. जूम ने कमांडो जैसी तेजी से कार्रवाई की. उन्हें इस बहादुर सैनिक के हमले की उम्मीद ही नहीं थी. जूम के अचानक हमले से आतंकी घबरा गए. ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे. दो गोलियां जूम को लगीं. लेकिन उसने एक भी आतंकी को छोड़ा नहीं.

15वे कॉर्प्स के प्रवक्ता ने बताया कि जूम ने बेहद चुपके और बहादुरी से यह जंग लड़ी. उसने आतंकियों को बुरी तरह से झंकझोर दिया. डरा दिया था. तब तक हमारी रेड टीम ने दोनों आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया. इस हमले में भारतीय सेना का भी एक जवान जख्मी हो गया।

मोतियाबिंद सर्जरी के बाद,आंख मलने पर निकली कांच की गोली



झारखंड, 13 अक्टूबर 2022। एक बुजुर्ग दो माह तक अस्पताल में रहता है। बाद में घर आकर आंख मलने के दौरान बुजुर्ग की आंख से कांच की गोली निकलकर जमीन पर गिर जाती है। तब परिजनों को जानकारी होती है कि सर्जरी के दौरान असली आंख निकाल कर उसकी जगह कांच की गोली लगा दी गई है।

जी यह यह घटना झारखंड के घाटशिला की है। बता दें कि घाटशिला के कीताडीह निवासी गंगाधर सिंह के मोतियाबिंद का ऑपरेशन जमशेदपुर के केसीसी आई हॉस्पिटल में हुआ था। उसके बाद उसकी एक आंख की रोशनी नहीं लौटी, बल्कि उसके आंख से कांच की गोली निकली है। ऑपरेशन से पहले आंख से जो कुछ धुंधला दिखाई देता था, ऑपरेशन के बाद पूरी तरह दिखाई देना बंद हो गया।

गंगाधर सिंह समेत कुल आठ लोगों के आंखों के ऑपरेशन के लिए 18 नवंबर 2021 को केसीसी आई हॉस्पिटल जमशेदपुर में हुआ था। ऑपरेशन के बाद जब गंगाधर सिंह घर लौटे तो लगातार उनकी बाईं आंख में दर्द हो रहा था। परिवारवालों ने अस्पताल से संपर्क किया तो दो माह तक गंगाधर सिंह को बिना परिवार के अकेले अस्पताल में इलाज किया गया। उसके बाद उसे घर भेज दिया गया। जिसके बाद घर में आकर आंख मलने के दौरान उनकी आंख से कांच की गोली निकलकर जमीन पर गिर गई, तब पता चला कि उनकी आंख निकाल ली गई है। आंख की जगह कांच की गोली लगा दी गई है।

संपादकीय

आयोग के 'पक्षपात' के बावजूद उद्धव संतुष्ट

शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट ने चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाया है। शिव सेना के लिए अदालत में पैरवी कर रहे जाने माने वकील कपिल सिब्बल ने भी सवाल उठाया कि शिव सेना नाम और धनुष बाण चुनाव चिन्ह दशकों से ठाकरे परिवार के नेतृत्व वाली पार्टी के पास है और एकनाथ शिंदे का गुट पार्टी छोड़ कर अलग हो चुका है फिर कैसे आयोग उस नाम और चुनाव चिन्ह को जब्त कर सकता है। लेकिन आयोग के पास यह आसान रास्ता होता है और संतुलन बनाने के लिए लगभग हर बार ऐसा ही किया जाता है। जब भी पार्टियां टूटती हैं तो चुनाव चिन्ह जब्त हो जाता है।

चुनाव आयोग का पक्षपात इतने पर ही खत्म नहीं हुआ है कि उसने शिव सेना का नाम और चुनाव चिन्ह जब्त कर लिया। बाद में जब दोनों गुटों ने नाम और चुनाव चिन्ह के लिए आवेदन किया तो उसमें भी पूर्वाग्रह दिखा। उद्धव ठाकरे गुट ने 'शिव सेना बाला साहेब ठाकरे' नाम को प्राथमिकता दी थी। उनकी दूसरी पसंद 'शिव सेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे' थी। चुनाव आयोग ने ठाकरे गुट को उनकी प्राथमिकता वाला नाम नहीं दिया, बल्कि दूसरी पसंद वाला नाम दिया। पिछले दिनों बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी में विभाजन हुआ तो चुनाव आयोग ने चिराग पासवान को उनकी पसंद का पहला नाम 'लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास' दे दिया था। इस आधार पर ठाकरे गुट को भी बाला साहेब ठाकरे का नाम दे देना चाहिए था।

लेकिन चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे को वह नाम नहीं दिया। उनको अपने नाम यानी उद्धव बाला साहेब ठाकरे वाला नाम दिया गया, जबकि उनके पिता यानी बाला साहेब ठाकरे का नाम एकनाथ शिंदे को दे दिया गया। शिंदे ने 'बालासाहेबांची शिव सेना' यानी बाला साहेब की शिव सेना नाम मांगा था और चुनाव आयोग ने वह नाम दे दिया। इसके बावजूद उद्धव ठाकरे गुट संतुष्ट है क्योंकि उनकी पार्टी के नाम में बाला साहेब ठाकरे का नाम भी है और चुनाव चिन्ह भी 'मशाल' का मिल गया है।

ध्यान रहे शिव सेना ने विधानसभा की पहली सीट 'मशाल' छाप ही जीती थी। यह बात 1985 की है, जब शिव सेना को प्रदेश स्तरीय पार्टी का दर्जा नहीं मिला था। तब उसका हर उम्मीदवार अलग अलग चुनाव चिन्ह से लड़ता था। उस चुनाव में मझगांव सीट से शिव सेना के उम्मीदवार छगन भुजबल ने मशाल छाप पर चुनाव लड़ा था और वे जीते थे। वे उस विधानसभा में शिव सेना के इकलौते विधायक थे। तब मनोहर जोशी भी चुनाव लड़े थे लेकिन हार गए थे। बाद में वे राज्य में शिव सेना के पहले मुख्यमंत्री बने। उस समय पार्टी रेल के इंजन से लेकर गेंद व बल्ले के चुनाव चिन्ह पर लड़ती थी। अब पार्टी इसे संयोग मान रही है कि उसे वह चुनाव चिन्ह मिल गया है, जिससे उसका खाता खुला था।

दृढ़ निश्चय,श्रम और आत्मविश्वास जीवन के सफलता के सशक्त द्वार

संजीव ठाकुर,
रायपुर
छत्तीसगढ़,

किसी ने एकदम सही कहा है आशा पर आकाश टिका हुआ है ।इसलिए मनुष्य को कभी आशा नहीं छोड़नी चाहिएद्य उम्मीद का ही असर है कि हम अपने उद्देश्य को प्राप्त करने की ओर पहला कदम रखते हैं और किसी विद्वान ने कहा है कि अच्छी शुरुआत ही हमारे लक्ष्य की प्राप्ति की राह की आधी सफलता होती है, और इस बात को केंद्रित करते हुए आशा का महत्व बहुत अधिक बढ़ जाता है क्योंकि उम्मीद हमें पहले कदम में संपूर्ण ऊर्जा जीतने के लिए प्रोत्साहित करती है।प्रथम प्रयास ही हमारे लक्ष्य की प्राप्ति तथा उद्देश्य को सुरक्षित करने में अत्यंत ही महती भूमिका निभाता है। दीपा मलिक ने अपने दोनों पैर किसी दुर्घटना में खो दिए थे और उन्होंने खेलों में देश का नाम रोशन कर लाखों युवकों युवतियों को प्रेरणा देने का काम किया है,वो आज लोगों की प्रेरणा स्रोत हैं। उनका आशावादी दृष्टिकोण,मनोबल और अभ्यास उन्हें महानता की श्रेणी में रखता है और यही कारण है कि हर आशावादी इंसान एक न एक दिन सफलता की सीढ़ी चढ़कर देश का नाम रोशन करता है। उम्मीद हमें आशा की किरण तो देती ही है, ऊर्जा शक्ति एवं नई दिशा दिखाती है परंतु उसकी तैयारी तथा अभ्यास एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण पहलू है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें न सिर्फ दृढ़ संकल्प, मनोबल और निरंतर अभ्यास व तैयारी की परम आवश्यकता होती है। मनुष्य के जीवन में विपरीत समय जरूर आता है तब हमें कड़वी सच्चाई यों का सामना भी करना पड़ता है और कड़वी सच्चाई का सामना करने के लिए हमारी उम्मीद,हमारा अभ्यास और कुछ कर पाने के लिए तैयारी ही हमें सच्चाई का सामना करने का साहस प्रदान करती है। अभ्यास से हमारा मतलब किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति की राह में आने वाली समस्याओं को पहले से ही अनुमान लगाकर उससे निपटने के साधनों को दुरुस्त करना चाहिए ताकि कोई भी कठिनाई हमारे लक्ष्य की सफलता में बाधा ना बन पाए।

दुनिया का हर बड़े से बड़ा काम या युद्ध या विकास का मैदान उसे पहले मस्तिष्क से ही जीता जाता है, फिर मैदान में जाकर समस्याओं से दो-चार होकर उससे निपटा जा सकता है। उम्मीद अभ्यास और समय का सदुपयोग किसी भी उद्देश्य की प्राप्ति के सबसे बड़े कारक तत्व होते हैं। जो वक्त हमारे पास आज है या आज का दिन ही आने वाले समय मैं बार-बार पुनः वृत्त होता है। आज के समय का सदुपयोग ही श्रेष्ठ एवं कष्ट साध्य कार्य है क्योंकि मनुष्य के पास सदैव वर्तमान के 24 घंटे ही होते हैं और इन 24 घंटों में ही मनुष्य को अपनी पूरी ऊर्जा शक्ति लगाकर किसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनवरत श्रम करना होता है। भले ही इसके पीछे उम्मीद,अभ्यास एवं योजनाएं अवलंबित होती है। स्थिति परिस्थिति कितनी भी अनजान अथवा कष्ट दाई हो मनुष्य के पास हर स्थिति में अच्छा समय अच्छा अवसर अंतर्निहित होता है जो मनुष्य को सदुपयोग करने के लिए प्रेरित करता है और सफलता के लिए मार्गदर्शी भी होता है। ऐसा व्यक्ति जो अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी जिजीविषा, जुजुत्सा और मेहनत से प्रतिदिन का सही उपयोग कर लेता है सफलता को निश्चित तौर पर प्राप्त करता है और जनमानस के लिए एक प्रतिमान स्थापित कर प्रेरणा की तरह काम करता है। आपदा को अवसर में बदलने की प्रवृत्ति ही व्यक्ति को समाज को तथा देश को सफल बनाती है। कोविड-19 के संक्रमण के दौरान भारत के अनेक बड़े-बड़े नेताओं ने जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं ने करोना की भयानक त्रासदी के विरुद्ध समय का सही सदुपयोग कर उसे मात देने की कोशिश में आपदा को अवसर में बदल दिया था। यह निश्चित तौर पर विश्व में एक उदाहरण की तरह सामने आया है। हमें सदैव सर्वाधिक अच्छे की उम्मीद करते हुए खराब समय से निपटने के लिए भी हमेशा तैयार रहना होगा अन्यथा हमेशा आशावादी रहने के साथ खराब समय की परिकल्पना भी अपने जेहन में रखकर आगे और आगे पथ बढ़ाते रहना चाहिए। अच्छे परिणाम की आशा हमें जरूर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है और उसका अभ्यास कर तैयारी उस कार्य को करने के लिए नए कौशल प्रदान करती है और उसका सदुपयोग अभीष्ट के प्राप्ति के अवसर प्रदान करती है। किसी भी राष्ट्र के समेकित प्रयास के लिए प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समझाने में भी महत्वपूर्ण कार्य करती है, जैसे गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक आतंकवाद और विस्तार वाद जो आज विश्व के सामने मुंह बाए खड़ी है। वर्तमान में व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र को उम्मीद, अभ्यास और समय का सदुपयोग समयानुकूल तरीके से करते रहना चाहिए, ताकि हर परिवार, समाज, देश और संपूर्ण विश्व खुशहाल, सुरक्षित, समृद्ध रह सके।

आप पार्टी से होगी आठ राज्यों में भाजपा आंधी ?

पिछले दो चुनाव में भाजपा ने कुछ राज्यों में लगभग सभी सीटें जीती हैं। राजस्थान और गुजरात जैसे दो बड़े राज्यों में भाजपा ने 2014 और 2019 में सभी सीटें जीतीं। मध्य प्रदेश और झारखंड में भी भाजपा ने लगभग सभी सीटें जीतीं। इनके अलावा दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की सभी सीटें भाजपा ने जीतीं। छत्तीसगढ़ और हरियाणा में भी दोनों चुनावों में भाजपा ने लगभग सभी सीटें जीतीं। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भाजपा ने पहले चुनाव में 70 और दूसरे चुनाव में 62 सीटें जीतीं। महाराष्ट्र में दोनों लोकसभा चुनाव भाजपा ने शिव सेना के साथ मिल कर लड़े थे और दोनों चुनावों में बड़ी जीत हासिल की थी। बिहार में एक बार अकेले और दूसरी बार जनता दल यू के साथ लड़ कर भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की थी।

इन राज्यों में से राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड और झारखंड की 131 में से 125 सीटें भाजपा के पास हैं। सोचें, इन नौ राज्यों की 95 फीसदी सीटें भाजपा ने जीती हैं और लगातार दो चुनावों से भाजपा इसी अनुपात में इन राज्यों में जीती है। उत्तर प्रदेश की 80 में से 64 सीटें भाजपा और उसकी सहयोगी अपना दल के पास हैं। भाजपा की इन 10 राज्यों की 303 में 189 सीटें हैं। उत्तर प्रदेश की छोटी सहयोगी पार्टी को छोड़ दें तो बाकी नौ राज्यों में भाजपा अकेले लड़ती है। दिल्ली को छोड़ कर बाकी आठ राज्यों में उसका सीधा मुकाबला कांग्रेस से होता है। जहां भाजपा का कांग्रेस से सीधा मुकाबला होता है वहा भाजपा को सबसे आसानी होती है। ध्यान रहे जहां भी कांग्रेस से सीधा मुकाबला है वहां भाजपा की जीत का प्रतिशत 90 या उससे ऊपर है। इसकी तुलना में प्रादेशिक पार्टियों के साथ लड़ाई में भाजपा पिछड़ जाती है। वहां उसकी जीत का प्रतिशत कम होता है।सवाल है कि क्या इस बार भी कांग्रेस के साथ सीधे मुकाबले वाले प्रदेशों में भाजपा उतनी ही आसानी से जीत जाएगी जितनी आसानी से दो बार से जीत रही है? मगर यह ध्यान रहे कि जिन आठ राज्यों में कांग्रेस के साथ भाजपा का सीधा मुकाबला है उनमें से पांच राज्यों में भाजपा की सरकार है। मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है। मध्य प्रदेश में बीच के कांग्रेस के डेढ़ साल के राज को अलग करें तो वहां 2003 से भाजपा की सरकार है। हिमाचल को छोड़ कर बाकी तीन राज्यों में भाजपा की लगातार दूसरी बार सरकार बनी है। इसलिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार और सांसदों की तिहरी एंटी इन्कंबैंसी होगी। ऐसे में भाजपा के लिए मुकाबला आसान होने का सिर्फ एक कारण दिख रहा है और वह है आम आदमी पार्टी। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सिर्फ उन्हीं राज्यों में राजनीति कर रही है, जहां कांग्रेस मजबूत है। उन राज्यों में वह भाजपा विरोधी वोट काटेगी। यानी दोहरी या तिहरी एंटी इन्कंबैंसी, जहां भी है वहां सत्ता विरोधी वोट का बंटवारा आम आदमी पार्टी कर देगी, जिसका सीधा फायदा भाजपा को होगा। भाजपा भी मुख्यमंत्री बदल कर एंटी इन्कंबैंसी कम कर रही है और चुनाव में उम्मीदवार भी बदले जाएंगे।

-हरिशंकर व्यास-

हर रोज ही चाँद लगती हो तुम

रामेश्वर दास भान
करनाल
हरियाणा

मेरी परवाह करती हो तुम हर रोज़,
रखती हो व्रत करती हो तुम दुआ,
मैं जीता रहूँ उम्र भर स्वस्थ रहूँ,
प्यार करूँ तुझ से तेरे साथ रहूँ,
मैं भी रखता हूँ हर-पल ख़्याल तेरा,
तूं कुछ पल ना दिखे
हो जाता है बेहाल मेरा,
सजना-संवरना और करना नखरे तेरा,
और खूबसूरत बनाता है ये हुस्न तेरा,
मुझे तो हर रोज़
ही चाँद लगती हो तुम,
साथ में रहकर रोशन
जीवन मेरा कर देती हो तुम,

लइका चोर

प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम
छत्तीसगढ़

सुनलव संगी सुनव मितान।
लइका मन के राखव ध्यान।।
निकले हावय लइका चोर।
गली-गली मा होवत शोर।।
किसम किसम के भेष बनाय।
लइका मन ला धर ले जाय।।
धुक धुक लागय जिवरा मोर।
सुन्ना परगे जम्मों खोर।।
चंदन बंदन साजे माथ।
माला चिमटा राखय हाथ।।
जंतर मंतर पोथी पाठ।
करे दिखावा राहय ठाठ।।
जम्मों लइका बड़ डर्राय।
भीतर ले नइ बाहिर आय।।
हवा हवा मा फइलत बात।
कटे नहीं अब दिन अउ रात।।
पढ़े लिखे सब मनखे आज।
नइ लागय का कोनों लाज।।
येहर हवै अंधविश्वास।
झन करहू गा बुध के नास।।

अब कोई इबादत क्या करना

गुंजा गुप्ता
गुनगुन
,मऊ,
उत्तरप्रदेश

तुम भूले तो जग भुला फिर
जग से शिकायत क्या करना?
अब कोई इबादत क्या करना?
हम खुशफहमी में थे कि तुम
सब मन की पीर समझते हो!
जो तुमको दे न पाए हम
वह सब तहरीर समझते हो!
तुम मौन हुए,हम कौन हुए?
गैरों की हिफाजत क्या करना?
फिर कोई इबादत क्या करना?
पर तुमको मेरे अंतर्मन की
पीड़ा से क्या लेना था।
तुम चले गए तुम्हे जाना था
वह दर्द दिए जो देना था।
तुम रूठ गए ,जग रूठ गया
रूठो से अदावत क्या करना?
अब कोई इबादत क्या करना?
जिन नजरों की मोती थी मैं,
अब उन नजरों की शूल हुई।
यह कौन बैठकर गिनता कि
कब, किससे,कितनी भूल हुई?
तुम फेर लिए जब मुंह अपना
फिर कोई शरारत क्या करना?
अब कोई इबादत क्या करना?

स्वर्ग सोपान है गंगा

डॉ0 ज्ञानेन्द्र कुमार
मिश्र गुंजन
देवरिया,उत्तरप्रदेश

भगीरथ के तपस्या का
सुकृत वरदान है गंगा,
सगर के मोक्षकामी
वंशजों की मान है गंगा ।
निकली जो हिमालय से
बुझाने प्यास मनुजों की,
प्रकृति की दिव्यता और
स्वर्ग की सोपान है गंगा।
तरंगें शुभ्र हैं जिनकी
नयन अभिराम है गंगा,
हरि चरणों से निकली जो
परम सुखधाम है गंगा।
पितामह भीष्म की जननी
कन्या जो जह्नु मुनि की,
हमारे देश की संस्कृति का
प्रतिमान है गंगा।
प्रकृति के रम्य रूपों का
सकल परिधान है गंगा,
वतन के वासियों की
प्राण और अभिमान है गंगा।
निकली जो हिमाचल से
कलुष प्रक्षालिनी बनकर,
हमारे देश की पहचान
और सम्मान है गंगा।

राजस्थान को लेकर सतर्क है कांग्रेस आलाकमान

रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,
राजस्थान

राजस्थान कांग्रेस में चल रहे घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस आलाकमान पूरी तरह से सतर्क नजर आ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी राजस्थान पर पूरी नजर रखे हुए हैं। जिस तरह से 25 सितंबर को दिल्ली से आए कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षकों मल्लिकार्जुन खड़गे व अजय माकन के सामने कांग्रेस के विधायकों ने प्रदर्शन किया था। उससे पार्टी में चल रही अंदरूनी फूट उजागर हो गई थी। जयपुर की घटना से कांग्रेस आलाकमान सकते में आ गया था। उस घटना से कांग्रेस पार्टी पूरे देश में एकबारगी तो बैकफुट पर नजर आने लगी थी। इसीलिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजस्थान गए पार्टी पर्यवेक्षकों से पूरे घटनाक्रम की लिखित में रिपोर्ट ली थी। ताकि जरूरत पड़ने पर उसी के मुताबिक कार्यवाही की जा सके।

पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर ही गहलोत समर्थक तीन नेताओं शांति धारीवाल, महेश जोशी, धर्मेंद्र राठौड़ को कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। हालांकि अभी कांग्रेस अनुशासन समिति ने कारण बताओ नोटिस की कार्यवाही को ठंडे बस्ते में डाल रखा है। कांग्रेस अनुशासन समिति के सचिव तारीक अनवर द्वारा हाल ही में दिये गये बयान से तो लगता है कि कारण बताओ नोटिस पर शायद ही कोई कार्यवाही हो। मगर कांग्रेस पर नजर रखने वाले राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इसे तूफान आने से पहले की शान्ति भी समझा जा सकता है। राजस्थान के घटनाक्रम से कांग्रेस पार्टी का अनुशासन तार-तार हो गया था। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी इस बात से पूरी तरह वाकिफ है कि यदि पार्टी में एक बार अनुशासन भंग हो गया तो वैसी घटनाएं दूसरी जगह भी होने लगेगी। उनको रोकने के लिए कड़े अनुशासनात्मक कदम उठाए जाने जरूरी है। ताकि अन्य कहीं ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो पाए। इसी बात को लेकर सोनिया गांधी अपने निकट सहयोगियों से भी परामर्श कर चुकी है। राहुल गांधी द्वारा की जा रही भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए कर्नाटक पहुंची सोनिया गांधी राजस्थान के घटनाक्रम पर राहुल गांधी से भी विस्तार से चर्चा की है। बताया जाता है कि उस दौरान उनके साथ राहुल गांधी के विश्वस्त पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। इस प्रकरण में वेणुगोपाल की राय भी काफी महत्वपूर्ण होगी।

कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के दौरान सोनिया गांधी किसी भी तरह का महत्वपूर्ण फैसला करने से बच रही है। हाल ही में सोनिया गांधी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्षों की नियुक्तियां की थी। जिस पर अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे शशि थरूर ने आपत्ति जताकर कांग्रेस के चुनाव अधिकारी मधुसूदन मिस्त्री को चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने तक किसी भी प्रकार के नीतिगत फैसले लेने से रोकने की मांग की थी। उस कारण से सोनिया गांधी राजस्थान को लेकर आगे नहीं बढ़ रही है।

सोनिया गांधी का मानना है कि कांग्रेस के अगले अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे का बनना तय है। मलिकार्जुन खड़गे स्वयं राजस्थान में कांग्रेस के पर्यवेक्षक बन कर गए थे। इस कारण वह व्यक्तिगत रूप से पूरे घटनाक्रम से वाफिक है। ऐसे में राजस्थान पर जो भी फैसला हो वह मल्लिकार्जुन खड़गे के माध्यम से ही करवाया जाए। ताकि उनके ऊपर समानांतर रूप से काम करने का आरोप नहीं लग सके।

राजस्थान में गहलोत समर्थक कई मंत्रियों ने राजस्थान के प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अजय माकन पर भी सचिन पायलट का पक्ष लेने का आरोप लगाया था। गहलोत समर्थक मंत्री चाहते हैं कि राजस्थान से अजय माकन को हटाकर उनके स्थान पर किसी अन्य वरिष्ठ नेता को राजस्थान का प्रभारी बनाया जाए जो निष्पक्षता से काम करें। लेकिन गहलोत समर्थकों को इस बात को भी नहीं भूलना चाहिए कि 25 सितंबर के घटनाक्रम के दौरान माकन के साथ मलिकार्जुन खड़गे भी दो दिन तक जयपुर में विधायकों से मिलने का इंतजार करते रह थे। मगर एक भी गहलोत समर्थक विधायक ने पर्यवेक्षकों से मिलकर अपनी राय व्यक्त नहीं की थी।

इस घटना से मलिकार्जुन खड़गे भी काफी क्षुब्ध नजर आए थे। दिल्ली आकर उन्होंने भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखित में इस घटना की विस्तृत जानकारी दी थी। मलिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ नेता है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाएगी। उनके नेतृत्व में यदि कोई पार्टी का नेता अनुशासनहीनता करता है तो अनुशासन बनाए रखने की पूरी जिम्मेदारी भी उन्हीं की होगी। राजस्थान में जिस तरह से उनके सामने पार्टी का अनुशासन भंग किया गया वैसी स्थिति फिर कभी ना हो। इसकी व्यवस्था भी उनको ही करनी होगी। यदि अनुशासनहीनता करने वाले किसी भी नेता या पार्टी कार्यकर्ता को दंडित नहीं किया जाता है तो भविष्य में अनुशासन बनाए रखना मुश्किल हो सकता है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जिस तरह योजनाबद्ध तरीके से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से दूर हो गए थे। वैसे ही वह अपने समर्थक विधायकों को गोलबंद कर आलाकमान से सशर्त मुख्यमंत्री पद छोड़ने की बात कह रहे हैं। गहलोत किसी भी सूरत में सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनने देना चाहते हैं। पायलट को मुख्यमंत्री बनने से रोकने के लिए गहलोत किसी भी स्तर तक जाकर जोखिम उठाने को तैयार हैं। गहलोत को पता है कि उनके पास 80 से अधिक विधायकों का समर्थन है। ऐसे में आलाकमान उनकी मर्जी के खिलाफ किसी दूसरे को मुख्यमंत्री बनाता है तो पार्टी में विद्रोह की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

कांग्रेस आलाकमान को भी पता है कि यदि गहलोत को मुख्यमंत्री पद से हटाने में जबरदस्ती या किसी तरह की जल्दबाजी की गई तो उसका खामियाजा पार्टी को उठाना पड़ सकता है। आज राजस्थान में 13 निर्दलीय व पांच अन्य दलों के विधायकों का भी समर्थन गहलोत को मिला हुआ है। इस बार मुख्यमंत्री रहते गहलोत ने अपनी स्थिति इतनी मजबूत कर ली कि उनके समक्ष कांग्रेस में कोई दूसरा नेता खड़ा नहीं हो सकता है। यदि कोई खड़ा होता भी है तो उसकी स्थिति पायलट जैसी बना दी जाती है। गहलोत ने बड़ी ही चतुराई से पायलट को बागी बनाकर पार्टी से बर्खास्त करवा दिया था। अब उस पर गद्दार का ठप्पा लगा दिया है। जबकि गहलोत के इशारे पर उनके समर्थकों द्वारा पार्टी पर्यवेक्षकों से की गई उपेक्षा के प्रकरण को ठंडा करने के लिए गहलोत ने दिल्ली जाकर सोनिया गांधी से सार्वजनिक रूप से क्षमा मांग कर प्रकरण को ठंडे बस्ते में डलवा दिया।

कांग्रेस आलाकमान को राजस्थान में कोई भी कदम उठाने से पहले पूरी तैयारी करनी होगी तथा अपने स्टैंड पर मजबूती से डटे रहना होगा। तभी पार्टी आलाकमान का झंडा बुलंद हो पाएगा। वरना तो इस कार्यकाल में अशोक गहलोत अपने किसी विरोधी नेता को शायद ही सत्ता के नजदीक लगने दे।

जयपुर में आयोजित इन्वेस्टर मीट में उद्योगपति गौतम अडानी को बुलाकर गहलोत ने आलाकमान को दिखा दिया है कि राहुल गांधी चाहे अंबानी, अडानी को कितना भी कोसे। उनको उनसे भी कोई परहेज नहीं है। समय आने पर गहलोत किसी की भी मदद लेने से नहीं चूकेंगे। इस समय सचिन पायलट जहां पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। वही मुख्यमंत्री गहलोत लगातार राजस्थान के विभिन्न स्थानों का दौरा कर लोगों से अगले बजट के लिए प्रस्ताव मांग रहे हैं। गहलोत का कहना है कि प्रदेश का अगला बजट भी मैं ही पेश करूंगा। मुख्यमंत्री पद को लेकर इसे अशोक गहलोत का अति आत्मविश्वास ही कहा जा सकता है।

आओ सोच समझकर अपनी राय बनाएं,वाणी बोले

ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय,
औरन को शीतल करे आपहुं शीतल होय

किसी भी विषय वस्तु पर अपनी राय बनाते, शब्दों का चयन करते समय विवेकपूर्ण हाजिर मंथन ज़रूरी
जीवन में छोटी-छोटी बातें विभित्सक रूप धारण कर सकती है, इसलिए निर्णय से पहले सटीकता परखना जरूरी

किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत पूरी दुनिया में बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जाना जाता है, क्योंकि यह आवाज 135 करोड़ जनसांख्यिकीयतंत्र की आवाज होती है इसलिए पूरी दुनिया के प्रमुख व्यक्तित्व गंभीरता से भारत के बयानों पर ध्यान देकर उसका उचित विवेकपूर्ण मंथन कर सकारात्मक समझ निकालते हैं।हालांकि अपवाद स्वरूप कुछ देश ऐसे भी हैं जो भारत की बातों को विवादों में भी ले जाने की कोशिश करते हैं। हम भारत माता के वंशज हैं। संस्कृति, सभ्यता हमारे लहू में समाई हुई है। हम दैनिक जीवन में भी अपनी राय बेबाकी से रखने में विश्वास रखते हैं क्योंकि हम लोकतंत्र की छत्रछाया में रहने के आदी हैं, परंतु हम में से कई लोग ऐसे भी हैं जो अपनी राय बनाने में गंभीर नहीं हैं बिना सोचे समझे बयान बाजी, राय देना सलाह देना, किसी भी बात का नकारात्मक मतलबनिकालना बिना बात के झगड़ा बढ़ाना, सहनशीलता संवेदनशीलता और सहिष्णुता की कमी के कारण जीवन में छोटी-छोटी बातों का परिणाम विभित्सक रूप धारण कर लेता है जिससे हमारी जान के लाले भी पड़ जाते हैं इसलिए हमें चाहिए कि किसी भी विषय वस्तु, बात,स्थिति पर अपनी राय बनाते,शब्दों का चयन करते द्य समय विवेकपूर्ण हाजर मंथन कर उस बात को रखना अपेक्षाकृत सटीक होगा, उस राय की सटीकता का विचार भी कुछ पलों में कर नपी तुली समझ का परिचय देना जरूरी है। चूंकि हम वैश्विक स्तरपर भारत की राय और भारत माता के सपूतों की राय प्रकट करने की बात कर रहे हैं, इसीलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे आओ सोच समझकर अपनी राय बनाए, वाणी बोले।

साथियों बात अगर हम अनेक मुद्दों पर मनीषियों की राय की करें तो दरअसल, हर मुद्दे को लेकर सबकी राय अलग अलग होती है, ऐसे में कई लोग सही तरह से राय व्यक्त न कर पाने के कारण भीड़ का हिस्सा बन जाते हैं, तो कुछ लोग दिलचस्प तरीके से अपनी बात रखकर भीड़ से अलग पहचान बनाने में कामयाब हो जाते हैं,आमतौर पर हर चीज को लेकर सभी लोगों कि अपनी अपनी राय होती हैं, ऐसे में ज्यादातर लोग नुक्कड़ पर राजनीतिक चर्चा से लेकर सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और घरेलू मामलों में अपनी राय देने से पीछे नहीं हटते हैं। हालांकि, इस दौरान कुछ लोगों की राय भीड़ से बिल्कुल अलग होती है. वहीं अगर हम चाहें तो कुछ इंप्रेसिव तरीकों से अपनी राय को सबसे अलग बना सकते हैं।

साथियों कई बार जल्दी जल्दी में राय देने के चक्कर में हम अपनी बात को सही तरीके से पेश नहीं कर पाते हैं, ऐसे में न सिर्फ हम सामने वाले को अपनी बात समझाने में असफल हो जाते हैं बल्कि सामने बैठे लोग हमारी बात का गलत मतलब भी निकाल सकते हैं, इसलिए हमें अपनी राय रखने से पहले शब्दों का चुनाव काफी सोच-समझ कर ही करना है। वैसे तो हर मुद्दे पर सभी का अलग राय होती है, वहीं राय सही या गलत भी हो सकती है, मगर राय रखते समय कई लोग अपनी बात को इतने खास अंदाज में बयां करते हैं कि हम चाहकर भी उनकी बात का विरोध नहीं कर पाते हैं। हालांकि, अगर हम चाहें तो राय देने के इस दिलचस्प तरीके को अपनी व्यक्तित्व में भी शामिल कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम राय देने में शब्दों के चयन की करें तो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में भी हमें शब्दों का चयन सोच समझ कर करना चाहिए, चाहे किसी से बात करने के क्रम में हो या किसी समारोह में या किसी वाद विवाद में। ऐसा माना जाता है कि हथियार या चोट के घाव तो भर जाते हैं पर शब्दों के घाव हमेशा ताजा रहते हैं। किसी मित्र की टांग खिंचाई में बड़ा मजा आता है पर ऐसा करने में हम इतने मशगूल हो जाते हैं कि कुछ अनचाहा कह जाते हैं। कुछ ऐसा ही क्रोध के समय भी होता है। इसीलिए क्रोध के समय अप्रिय बातें करने से बचना चाहिए। इसके अलावा यदि किसी को सलाह दी जाए तो इस बात का ध्यान रखा जाए कि हमारे शब्दों से उसके आत्मसम्मान को ठेस ना पहुंचे। यदि सही शब्दों का चयन किया जाए तो आदेश भी निवेदन लगेगा और बिना किसी के अहम को ठेस पहुंचे सब का काम हो जाएगा।

साथियों इसके साथ ही हमें अपने कहे गए शब्दों की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। चाहे अनचाहे यदि आपकी बातों से किसी की भावनाएं आहत हो तो हमें उन बातों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, ना कि तरह-तरह के बहाने बनाकर अपनी बातों को सिद्ध करना चाहिए। ऐसा करके हम अनावश्यक बहस से निजात पा सकेंगे और सामने वाले के मन में भी सम्मान के पात्र बनेंगे। वास्तव में हमारे शब्द हमारे हृदय की प्रेम की अभिव्यक्ति हैं। अब यह हमारे ऊपर है कि हम इस प्रेम को संसार में लुटाएं या प्रेम की जगह घृणा फैलाएं। प्रेम पूर्वक की गई आलोचना किसी को सही मार्ग पर ला सकती है या अप्रिय शब्दों से युक्त अच्छी सलाह उसे गलत रास्ते को चुनने की ओर प्रेरित कर सकती है। इसलिए हमें शब्दों के खजाने को निरंतर बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि इनका प्रयोग संसार में खुशियां बांटने में किया जा सके।अतएव सोच समझकर शब्दों का चयन करें।

साथियों बात अगर हम अपनी राय शाब्दिक अभिव्यक्ति के बाद तीसरे सबसे कीमती सोने पर सुहागा वाणी की करें तो, कबीर दास जी का यह दोहा और उसका अर्थ सबने सुना होगा, ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय,औरन को शीतल करे आपहुं शीतल होय,हम सब इसका अर्थ भी जानते हैं पर हम में से ऐसे कितने हैं जो इन पर अपनी मौजूदा जिंदगी में अमल करते हैं। यह सिर्फ एक दोहा नहीं है,एक फिलॉसफी है कि हम अपने शब्द का चुनाव सोच समझकर करें। आखिर शब्द ही हैं जो दोस्त को दुश्मन और दुश्मन को दोस्त बनाने की काबिलियत रखते हैं। द्रौपदी के कहे तीखे शब्द, जो उसने दुर्योधन को कहे, महाभारत के युद्ध का एक कारण बने। दूसरी तरफ दुर्योधन के शब्दों ने कर्ण को अपना मित्र बना लिया। यह दिखाता है कि किस प्रकार शब्द अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हम बिना सोचे-समझे किसी की बात को गलत कह देते हैं, क्या यह कहना इतना आसान होता है, बिना यह जाने कि पूरी बात क्या है?

साथियों एक प्रख्यात कहावत के कुछ इस तरह बोल हैं-शब्द तीर की तरह होते हैं, एक बार ज़ुबान की कमान से निकल गए तो आप उन्हें दोबारा वापिस नहीं ले सकतें।हम बिना सोचे समझे किसी की बात को गलत कह देते हैं - आखिर क्यों?क्योंकि हम समझने के लिए नहीं बल्कि प्रतिक्रिया देने के लिए सुनते हैं। हम मन ही मन धारणाएं बना लेते हैं और हमारी प्रतिक्रियाओं के साथ तैयार होते हैं। हम सामने वाले की बातों को समझकर नहीं सुनते। और इसकी कई वजहें हैं जिनके बारे में मैं इस उत्तर में नहीं समझा सकतीं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ सोच समझ कर अपनी राय बनाएं, वाणी बोले। किसी भी विषय वस्तु पर अपनी राय बनाते, शब्दों का चयन करते समय विवेकपूर्ण हाजिर मंथन जरूरी है। जीवन में छोटी-छोटी बातें विभित्सक रूप धारण कर सकती है इसलिए निर्णय से पहले सटीकता परखना जरूरी है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

एसपी ने चिटफंड कंपनियों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।.

आईजी अजय यादव के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेंटर में जिले के सभी राजपात्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान फर्जी चिटफण्ड कंपनियों के डायरेक्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने एवं जब्त सम्पति कुर्की की प्रक्रिया कर निवेशकों का पैसा वापस दिलाने निर्देश दिए गए। विवादित मामलों में अधिक से अधिक बाउंडओवर की कार्रवाई करने हेतु सभी थाना,चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को जुआ सट्टा, अवैध मादक पदार्थों पर नकेल कसने अधिक से अधिक कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। समस्त थाना प्रभारियों को विजिबल पुलिसिंग अंतर्गत स्वयं संध्या पेट्रोलिंग एवं रात्रि गस्त पर स्टाप के साथ निकलने, विशेष चेकिंग अभियान चलाने एवं त्यौहारों के दौरान यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु यातायात प्रभारी को नगर निगम के साथ संपर्क में रहकर व्यस्ततम मार्गों के दुकानों के बाहर रखे सामानों को हटाने निर्देशित किया गया, ताकि आमनागरिकों को आवागमन कि सुलभ सुविधा प्राप्त हो सके। रिंग रोड एवं व्यस्ततम मार्गों में खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। अपराध समीक्षा बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक, उप पुलिस अधीक्षक एसएस पैकरा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सीतापुर ध्रुवेश जायसवाल उप पुलिस अधीक्षक एमआर कश्यप, उप पुलिस अधीक्षक कामता प्रसाद दीवान, उप पुलिस अधीक्षक इमानुएल लकड़ा थाना प्रभारी अंबिकापुर रुपेश नारंग, थाना प्रभारी गांधीनगर कलीम खान, स्टेनो फबियानुस तिर्की ,रीडर अजीत मिश्रा एवं समस्त थाना, चौकी प्रभारी एवं कार्यालयीन स्टाप शामिल रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

पुलिस अधीक्षक द्वारा दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने में सक्रिय होकर कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। एवं फिट कॉप फिट सिटी के तहत वजन कम करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को भी प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गए। भविष्य में भी लगातार उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में चोरी के बाद लिखा आई लव यू



-संवाददाता-

अम्बिकापुर,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में कराकट तोड़ कर वारदात को अंजाम दिया है। कुल चोरी दो लाख रुपए की बताई जा रही है। चोर द्वारा घटना के अंजाम देने के बाद दुकान में आई लव यू लिखा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार रतन यादव शहर के गांधीनगर का रहने वाला है। इसका प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास अमर इंटरप्रइजेज नाम से इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। वह बुधवार की रात को दुकान बंद कर घर चला गया था। गुरुवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान के ऊपर लगे कराकट टूटा था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। दुकान में रखे कई कीमती सामान नहीं थे। इसके अलावा दुकान में काउंटर के पास लगे कंपनियों के साइन बोर्ड में स्केच से आइ लव यू व 108 लिखा हुआ था। दुकान संचालक ने जब अपने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाता तो पता चला की एक नकाब पोश चोर दुकान में घुसते कैद हुआ है। इसके बाद वह सीसीटीवी कैमरे का वायर निकाल दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर फिलहाल पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी है। दुकान संचालक ने बताया कि दो माह पूर्व भी उक्त दुकान में चोर की घटना को अंजाम दिया गया था। उस दौरान कोई बड़ी चोरी नहीं हुई थी। दुकान संचालक द्वारा इसकी शिकायत कोतवाली में की थी। वहीं एक माह के भीतर आस पास के कई दुकानों में चोरी की घटना सामने आई है। दुकान संचालकों द्वारा थाने में शिकायत की गई थी।

सरगुजा पुलिस व अदानी की टीम ने जीते मैच

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।

शहर के गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे सरगुजा फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरूवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच सरगुजा पुलिस और कांति प्रकाशपुर की टीम के बीच हुआ। सरगुजा पुलिस टीम ने कांति प्रकाशपुर की टीम को 2-1 गोल से हरा दिया। दूसरा मैच अदानी फुटबॉल एकेडमी और इंदिरानगर के बीच खेला गया। अदानी की टीम ने शुरूआती मिनटों से ही अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। मध्यांतर से पहले के खेल में ही अदानी की टीम ने 2 गोल कर दिए। मैच में पूरी तरह से हावी अदानी एकेडमी के खिलाडियों ने दूसरे हाफ में तीसरा गोल कर 3-0 की बढ़त बना ली। मैच में फुटबॉल के नियमों का उल्लंघन करने और अनुशासनहीन

खेल खेलने वाले इंदिरानगर के संजय खलखो, डिकरूज, मुकेश एक्का, अरविन्द लकड़ा, कृष्णा और बिन्देश्वर को दो साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। शुक्रवार को फुटबॉल क्लब राजपुर विरुद्ध सरगुजा फॉरेस्ट व सूरज क्लब तालपारा विरुद्ध ट्राइबल टाइगर के बीच मैच खेला जाएगा।

छात्र ने की आत्महत्या

सुसाइड नोट में लिखा पापा सॉरी

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,13 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।.

किराए के मकान में रहकर 10वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोर मूलतः प्रतापपुर का रहने वाला था। वह शहर के चांदनी चौक में किराए के मकान में रहकर ओपीएस स्कूल में पढ़ाई करता था। दशहरा के छुट्टी में वह घर गया था। दो दिन पूर्व स्कूल द्वारा रिजल्ट जारी किया गया था। परिजन उसे अंबिकापुर छोड़कर गए थे। रिजल्ट भी अच्छा था। फिलहाल कोतवाली पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक माता-पिता का एकलौता बेटा था। कमरे में सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में सॉरी पापा लिखा है। जानकारी के अनुसार निश्चल उर्फ सूरजन पांडेय पिजा सत्यानंद पांडेय उम्र 16 वर्ष प्रतापपुर का रहने वाला था। वह अंबिकापर चांदनी चौक में किराए के मकान में अकेले रहकर ओपीएस स्कूल के कक्षा 10वीं में पढ़ाई करता था। वह दशहरा के छुट्टी में चार अक्टूबर को घर गया था। दो दिन पूर्व स्कूल द्वारा रिजल्ट जारी किया गया था। परिजन मंगलवार को निश्चल को अंबिकापुर छोडने आए थे। यहां से छोड़कर वापस चले गए थे। बुधवार को परिजन द्वारा कई बार फोन करने के बाद भी वह रिसिव नहीं किया। परेशान होकर परिजन ने बौरिपारा में रह रहे अपने रिश्तेदार सरवेश मिश्रा को बताया। वह उसके किराए के मकान में जाकर देखे तो कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से झांक कर देखा तो उसका शव फंदे से झूल रहा था। सरवेश ने घटना की जानकारी उसके परिजन को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। फिलहाल पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या का करण स्पष्ट नहीं हो पाया है। कमरे में पुलिस को सुसाइड नोट भी मिले हैं। वह सुसाइड नोट में सॉरी पापा लिखा है और बहन को ध्यान रखने की बात का जिक्र किया है। आत्महत्या से पूर्व संभवतः वह मोबाइल से गाना सुन रहा होगा। उसके कान में इयर फोन लगा था और चश्मा पहने हुए था।

प्री.व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पोर्टल प्रारंभ

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,13 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।.

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री जेआर नागवंशी ने बताया है कि आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास के माध्यम से वर्ष 2022-23 की प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति हेतु नवीन एवं नवीनीकरण पोर्टल प्रारंभ कर दी गई है। पोर्टल के द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि प्री मैट्रिक हेतु 15 अक्टूबर, पोस्ट मैट्रिक हेतु 31 अक्टूबर तथा मेरिट कम मीन्स हेतु 31 अक्टूबर 2022 तक है।

पारंपरिक खेल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में लुण्ड्रा विधायक हुए शामिल

-संवाददाता-

लखनपुर ,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।

.लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड लखनपुर के ग्राम पंचायत पुटा एवं जमगवां में शासन की महत्वकांक्षी योजना राजीव युवा मितान क्लब के अंतर्गत एक दिवसीय सांस्कृतिक एवं पारंपरिक खेल प्रतियोगिता (जैसे- कबड्डी, खो खो, फुटबॉल, पिट्ठूल, गेंड़ी, फुगड़ी, बॉलीबाल)का आयोजन किया गया जिसमें लुण्ड्रा विधायक वा सीजीएमएससी अध्यक्ष डॉ प्रीतम राम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुऐ विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता शैलेंद्र प्रताप सिंह नरेंद्र पांडे मुकेश सिंह मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा पारंपरिक खेल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और कलाकारों को पुरुस्कार वितरण किया । इस दौरान ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा लुंड्रा विधायक व सीजीएमएससी अध्यक्ष डॉक्टर प्रीतम राम के समक्ष

बिजली, पानी, एवं सड़क की समस्या के बारे में बताया गया जिसके निराकरण हेतु तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया,एवं ग्राम पंचायत कूसू के शासकीय उचित मूल्य दुकान भवन का निरीक्षण करते हुए दुकान संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।इसके पश्चात गाँव में आये अस्वस्थ व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम लखनपुर ब्लॉक अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता शैलेन्द्र प्रताप सिंह, नरेंद्र पांडेय, मुकेश सिंह, सरपंच उपसरपंच एवं अत्यधिक संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय शालेय स्पर्धा का समापन समारोह आज

स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव होंगे मुख्य अतिथि

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।.

22 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह 14 अक्टूबर को स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव की मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण शासकीय बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के प्रांगण में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथि सीजीएमएससी के अध्यक्ष डॉ प्रीतम राम, राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरूप्रीत सिंह बाबरा, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री बाल कृष्ण पाठक, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष श्री शफी अहमद, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता होंगे।

सुपर 7 क्रिकेट व बास्केट बॉल में दुर्ग संभाग ने मारी बाजी-22 वी राज्य स्तरीय शालेय स्पर्धा में 13 अक्टूबर को खेले गए सुपर 7 क्रिकेट व बास्केट बॉल के बालक व बालिका वर्ग में दुर्ग संभाग विजेता रहा। वुडबाल सिंगल बालिका वर्ग में सरगुज़ा संभाग प्रथम स्थान पर रहा।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।

. नगर पालिक निगम अंबिकापुर की सामान्य सभा में नियम को दरकिनार कर चौक के नाम में परिवर्तन करने का आरोप लगाते हुए अम्बिकापुर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त नगर पालिक निगम अंबिकापुर को ज्ञापन सौंपा।

मधुसूदन शुक्ला ने बताया कि नगर पालिक निगम अंबिकापुर के सामान्य सभा 29 जून 2011 के एजेंडा क्रमांक 19 रिंग रोड मां महामाया प्रवेश द्वार के सद्भावना चौक का नाम परिवर्तन का अतिरिक्त विषय लाया गया था, और इस विषय में सद्भावना चौक के नाम में आंशिक संशोधन करते हुए शहीद अब्दुल हमीद सद्भावना चौक के नाम का प्रस्ताव पारित किया गया, नगर पालिक निगम अधिनियम एवं नियम में स्पष्ट है कि सामान्य सभा में उन्हीं विषयों पर विचार करने का प्रावधान है जो विषय पूर्व महापौर परिषद में लाया गया हो, सामान्य सभा 21 जून 2021 के एजेंडा क्रमांक 19 का विषय पूर्व महापौर परिषद में नहीं लाया गया था, ऐसी स्थिति में नियम एवं प्रक्रिया का पालन नहीं होने के कारण उक्त विषय की वैधानिकता स्वमेव हीं समाप्त हो जाती है। विषय पर प्रकाश डालते हुए आगे उन्होंने कहा कि भारत माता के वीर सपूत परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अब्दुल हमीद के नाम से अब्दुल हमीद वार्ड के उद्यान का नामकरण करते हुए उनकी प्रतिमा लगाई जाए।

उन्होंने निगम प्रशासन से मांग की है कि सरगुजा जिले के लाखों हिंदुओं की आस्था का केंद्र मां महामाया मंदिर प्रवेश द्वार वाले सद्भावना चौक का नाम जनमानस की भावना के अनुरूप मां आदिशक्ति चौक रखी जाये।

इस प्रतिनिधिमंडल में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर , अजय प्रताप सिंह, प्रेमानंद रमेश जायसवाल सर्वेश तिवारी रोशन गुप्ता, संदीप सोनी एवम दीपक यादव उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया जिला ग्रंथालय का आकस्मिक निरीक्षण

-संवाददाता-

अम्बिकापुर,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने बुधवार को अम्बिकापुर के घड़ी चौक के समीप स्थित जिला ग्रंथालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रंथालय भवन एवं उपलब्ध संसाधनों का जायजा लेकर भवन मरम्मत एवं पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर व पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने ग्रंथालय में मौजूद युवाओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने ग्रंथालय में नया वाटर कूलर लगाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रेरणा कक्षा के बारे में भी पूछ- ताछ की। कक्षा के अवधि को बढ़ाने पर भी विचार करने की बात कही। ग्रंथपाल स्वाति सहगल ने बताया कि जिला शिक्षा एवं नवाचार समिति द्वारा प्रेरणा कोचिंग क्लास वर्तमान में रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे करीब 300 युवा शामिल हो रहे है।

भारत की ऊर्जा रणनीति में प्रतिबद्धताओं का संतुलन रखा जाता है : हरदीप सिंह पुरी

नयी दिल्ली ,13 अक्टूबर 2022। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत की ऊर्जा रणनीति में साझा वैश्विक हितों और हरित संक्रमण के प्रति प्रतिबद्धताओं, सभी के लिए ऊर्जा की उपलब्धता, मुनासिब दाम और देश की ऊर्जा सुरक्षा पर उचित ध्यान रखा जाता है।

पुरी ने अमेरिका में पेट्रोलियम उद्योग के गढ़ ह्यूस्टन में %भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी में अवसर'पर एक गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगले दो दशकों में वैश्विक ऊर्जा मांग में वृद्धि का 25 प्रतिशत भारत से आने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत ने कम कार्बन उत्सर्जन के साथ विकास की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिसमें हाइड्रोजन और जैव ईंधन जैसे उभरते ईंधन शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान चुनौतीपूर्ण ऊर्जा वातावरण के बावजूद, ऊर्जा संक्रमण और इसके जलवायु शमन लक्ष्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता कम नहीं होने वाली है।

मंत्री ने कहा कि भारत देश में खनिज ईंधन की खोज और निकासी के लिए नो-गो (वर्जित) क्षेत्रों को 99 प्रतिशत तक कमी करके लगभग 10 लाख वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में खोज और उत्पादन को युक्तिसंगत बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए बड़े सुधार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे राष्ट्रीय डिपॉजिटरी रजिस्ट्री के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता वाला भूवैज्ञानिक डेटा उपलब्ध हो सकेगा। पुरी ने एक के बाद एक कई ट्वीट के जरिए कहा कि जैव ईंधन, गैस आधारित अर्थव्यवस्था, हरित हाइड्रोजन, पेट्रोकेमिकल्स और अपस्ट्रीम क्षेत्रों के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच अपार संभावनाएं स्पष्ट हैं और इसे निजी क्षेत्र की कंपनियों के सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के सुधार उपायों के कारण, वैश्विक तेल कंपनियों द्वारा भारतीय ईएंडपी में अभूतपूर्व रुचि दिख रही है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि अन्वेषण और उत्पादन क्षेत्र के लिए भारत सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता का संकेत देते हुए श्री पुरी ने दुनिया की तेल और गैस राजधानी (ह्यूस्टन) में विशेष कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) और अपतटीय क्षेत्र में तेल खोज और निकासी के लिए नीलामी के दौर का शुभारंभ करने की घोषणा की। इसके तहत 2.3 वर्ग किमी से अधिक क्षेत्र की पेशकश की गयी है। इससे पहले सरकार ने 10 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक नो गो क्षेत्रों में नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गयी थी। पुरी ने वहां यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम द्वारा आयोजित गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। गोलमेज सम्मेलन में ऊर्जा की बड़ी कंपनियों के वरिष्ठ नेतृत्व सहित 35 कंपनियों के 60 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भारतीय ऊर्जा सार्वजनिक उपक्रमों ने भी भाग लिया।

रेलवे कर्मचारियों को केंद्र ने दिया दिवाली गिफ्ट, 78 दिनों के बोनस का ऐलान

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2022। रेलवे कर्मचारियों को सरकार ने दिवाली पर बड़ी खुशखबरी दी है। केंद्र सरकार ने रेलवे कर्मचारियों को बोनस देने का ऐलान किया है। मोदी कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों का बोनस दिया जाएगा। साथ कैबिनेट ने तेल वितरण कंपनियों को 22000 करोड़ रुपए का वन टाइम ग्रांट दिया है ताकि अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में एलपीजी के दाम बढने के बावजूद एलपीजी के दाम घरेलू बाज़ार में उसी अनुपात में नहीं बढ़ाने से जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई की जा सके।

पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों का देश के नागिरकों पर बोझ ना पड़े इसके लिए यह फैसला लिया गया है। जाहिर है रेलवे के 11.27 लाख कर्मचारियों को 1,832 करोड़ रुपये का प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस दिया जाएगा। यह 78 दिनों का बोनस होगा और इसकी अधिकतम सीमा 17,951 रुपये होगी। रेलवे पर इससे 1832.09 का भार पड़ सकता है। रेलवे ने पिछले साल भी अपने रेलवे कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस दिया था। एक रेलवे कर्मचारी को 30 दिन के हिसाब से 7000 रुपए बोनस बनता है। ऐसे में 78 दिन का उस कर्मचारी को लगभग 17,951 रुपए बोनस मिलेगा।

कोरोना काल के दौरान रेलवे ने अपने काम से सभी को प्रभावित किया था। कर्मचारियों द्वारा लॉकडाउन अवधि के दौरान भी दुर्गम स्थानों पर आवश्यक वस्तुओं जैसे भोजन, खाद, कोयला और अन्य वस्तुओं की आवाजाही सुनिश्चित की गई थी। इसके अलावा रेलवे अपनी फैसिलिटीज में भी अपडेशन ला रहा है। माना जा रहा है कि इससे भी साल रेलवे की आय में बढिया़ वृद्धि होगी।

साथ-साथ दूसरी नौकरी करना नैतिकता का सवाल : विप्रो सीईओ

बेंगलुरु ,13 अक्टूबर 2022। विप्रो के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी थिएरी डेलापोर्टे ने कहा कि मूनलाइटनिंग यानि कंपनी में काम करते हुए पैसे के लिए उसी क्षेत्र में दूसरा काम करना कोई कानूनी सवाल नहीं बल्कि नैतिकता का मुद्दा है। उन्होंने यह भी कहा है कि कर्मचारियों का प्रतिस्पर्धी कंपनियों के लिए साथ-साथ काम करना निश्चित रूप से गलत है।

विप्रो के तिमाही परिणामों की घोषणा के अवसर पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री डेलापोर्टे ने कहा,नौकरी के साथ में इधर-उधर कोई छोटा-मोटा काम कर लेना बिल्कुल चल सकता है पर यदि आप हमारी ही तरह के परिवेश में काम करने वाली कंपनी में दूसरा काम करते हैं तो वह नैतिक नहीं है।

सीईओ ने कहा कि मूनलाइटिंग कानूनी मुद्दा नहीं बल्कि नैतिकता का सवाल है। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि हितों के टकराव वाली दो नौकरी साथ-साथ करना उनके ख्याल में उचित नहीं है।

हालही में विप्रो ने मूनलाइटनिंग के आरोप में अपने 300 कर्मचारियों को बर्खास्त किया है। उनकी बर्खास्तगी विप्रो के चेयरमैन रिशाद प्रेमजी ने एक छोटे से मेल के जरिए की थी।

कैबिनेट ने तेल विपणन कंपनियों को 22,000 करोड़ रुपये के एकमुश्त अनुदान को दी मंजूरी

नई दिल्ली ,13 अक्टूबर 2022। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को घरेलू एलपीजी पर होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद के लिए 22,000 करोड़ रुपये के एकमुश्त अनुदान को मंजूरी दी। यह तीन ओएमसी, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम को जून 2020 और जून 2022 के बीच घरेलू एलपीजी या रसोई गैस बेचने के लिए उनके द्वारा वहन किए गए खर्चों की वसूली में मदद करेगा।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट की बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से कहा कि इस निर्णय से अप्रत्यक्ष रूप से उपभोक्ताओं को मदद मिलेगी, क्योंकि एलपीजी की कीमतें कम से कम कुछ समय तक नहीं बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में रसोई गैस की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है, कुछ देशों में 300 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। ठाकुर ने कहा, उन देशों की तुलना में, भारत में रसोई गैस की कीमतें इतनी ज्यादा नहीं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि इस कदम से भविष्य में ओएमसी और उपभोक्ताओं पर बोझ कम होगा।

चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि रहेगी 6-7 प्रतिशत : पीएचडी चैंबर

नयी दिल्ली ,13 अक्टूबर 2022। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि 6-7 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

पीएचडी चैंबर का यह अनुमान ऐसे समय आया है जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी एक वैश्विक रिपोर्ट में भारत की वृद्धि के अनुमान को 7.4 प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ ने भू-राजनैतिक और बढ़ती मुद्रास्फीति की चुनौतियों के मद्देनजर वैश्विक वृद्धि दर को भी घटाकर 2.7 प्रतिशत कर दिया है।



पीएचडी चैंबर के अध्यक्ष साकेत डालमिया ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में देश की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं के बारे में एक सवाल पर कहा, अन्य देशों के मुकाबले भारत में उत्पादों की अच्छी मांग के बदौलत विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसे देखते हुए हमें भारत में आर्थिक वृद्धि अच्छी रहने की संभावना दिखती है।

श्री डालमिया ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि 6-7 प्रतिशत के बीच रहेगी जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में ऊंची होगी।

उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक ने भी भारत की वृद्धि दर को 7.5 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत और भारतीय रिजर्व बैंक ने 7.2 प्रतिशत से घटाकर 7.0 प्रतिशत कर दिया था।

श्री डालमिया ने कहा कि पीएचडी चैंबर में 70 प्रतिशत सदस्य मध्यम आकार की कंपनियां हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी अध्यक्षता में जी-20 मंच पर एक विषय-%भारत की आत्मा' रखा है उसी तरह हम दुनिया के सामने %भारतीय उद्योग की आत्मा' का प्रदर्शन करेंगे।

पीएचडी चैंबर, भारत के 75 वर्ष की पृष्ठभूमि के साथ 75 महीनों में अमेरिका और यूरोप के 75 संभावित देशों को कृषि समेत कपड़ा, ऑटो, फार्मास्यूटिकल्स समेत 75 उत्पादों के निर्यात पर ध्यान केंद्रित कर रहा हैं। जिससे देश को 2027 तक 750 अरब डॉलर का व्यापार लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

देश के निर्यात में बढ़ावा देने के लिए अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, संयुक्त अरब अमीरात और चीन और अन्य देशों के बाजारों पर केंद्र बिंदु पर रहेंगे।

श्री डालमिया ने कहा कि हम महिलाओं के स्वामित्व वाले व्यवसायों के सक्रिय योगदान के बिना 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को साकार नहीं कर सकते। हम महिला स्टार्ट-अप की सुविधा के लिए एक नयी पहल की योजना बना रहे हैं।

हंसने के ये फायदे जान जबरदस्ती रहेंगे खिलखिलाते,जानें और दूसरों को भी हंसाए

हंसमुख चेहरा सभी को पसंद आता हैं और लोग ऐसे लोगों को ज्यादा पसंद करते हैं जो हमेशा ही मुस्कुराते हुए मिलते हैं। आपकी यह मुस्कान जहां आपकी पर्सनलिटी को बेहतर बनाती हैं वहीं आपकी सेहत को भी फायदा पहुंचाती हैं। जिस तरह अच्छी हवा, अच्छा खानपान सेहतमंद रहने के लिए जरूरी होता है, उसी प्रकार आपकी हंसी भी आपको स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाती है। आपने मॉर्निंग वॉक के दौरान पार्क में लोगों को नकली हंसी हंसते हुए देखा होगा क्योंकि यह भी एक व्यायाम की तरह आपको सेहतमंद बनती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको हंसने के फायदे बताने जा रहे हैं जिन्हें जानकर आप भी हमेशा खिलखिलाते रहेंगे। आइये जानते हैं हसने के ये फायदे...

तनाव को करें फुर्र

तनाव, दर्द और झगड़े आदि को खत्म करने की शक्ति हंसी से ज्यादा किसी में नहीं है। आपके दिमाग और शरीर को कंट्रोल करने का जो काम हंसी कर सकती है, वह दुनिया की कोई दवा नहीं कर सकती। विशेषज्ञों के अनुसार हंसना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इससे आप सामाजिक बने रहते हैं और लोगों के साथ जुड़े रहने पर आपको तनाव या अवसाद जैसी समस्या नहीं सताती हैं।

सकारात्मक ऊर्जा

हंसी मजाक से आप अपने दिल व दिमाग के बोझ को कम करते हैं। खुश रहने से आपके भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आप इसे अपने इर्द-गिर्द भी फैलाते हैं। आप जो काम करते हैं, उस पर अच्छे से फोकस कर पाते हैं। हंसने से आपकी बॉडी रिलेक्स होती है। कुछ देर तक खुलकर हंसने से मांसपेशियां कम से कम 45 मिनट तक रिलेक्स महसूस करती हैं।

इम्यून सिस्टम में होता हैं सुधार

हंसने से शरीर में अधिक मेलेटोनिन का उत्पादन होता है जो दिमाग द्वारा रिलीज हार्मोन है। इससे अच्छी नींद में मदद मिलती है। इससे नींद का पैटर्न भी सुधरता है। यही नहीं डिप्रेशन से जूझ रहे लोगों के लिए तो यह रामबाण है। खुलकर हंसना इम्यून सिस्टम में सुधार की वजह भी बनता है। हंसी की वजह से इम्यून सिस्टम में संक्रमण विरोधी एंटीबॉडी के साथ ही खून में टी-कोशिकाओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हो, सकती है। इसलिए किसी भी कीमत पर हंसी के साथ दिन शुरू करना जरूरी है।

ठीक रहता है रक्त संचार

युनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड के शोधकर्ताओं का दावा है कि हंसने का संबंध शरीर के रक्त संचार से है। उन्होंने अपने अध्ययन में प्रतिभागियों को दो समूहों में रखा। पहले समूह को कॉमेडी कार्यक्रम दिखाया और दूसरे को ड्रामा। शोध में पाया गया कि कॉमेडी कार्यक्रम देखने वाली प्रतिभागी जो खुलकर हंस रहे थे उनका रक्त संचार अन्य की अपेक्षा काफी बेहतर था।

बीपी नॉर्मल और दिल मजबूत

हंसने से हमारा बीपी नॉर्मल होता है। खासकर सिस्टॉलिक (सामान्य बीपी 120/80) बीपी। ध्यान रहे कि सामान्य बीपी की रीडिंग में 120 की रीडिंग सिस्टॉलिक और 80 को डायस्टॉलिक कहते हैं। चूंकि हंसने से खून का बहाव तेज होता है तो हार्ट को पंप करने में भी यह मदद करता है। जब बीपी सामान्य रहेगा तो यह स्वाभाविक है कि दिल के लिए हंसी ही दोस्ती निभाएगी।

दर्द से आराम दिलाए

कई शोधों में यह पाया गया है कि स्पोंडलाइटिस या कमर के दर्द जैसे असहनीय दर्द में आराम के लिए हंसना एक प्रभावी विकल्प है। डॉक्टर लाफिंग थेरेपी की मदद से इन रोगों में रोगियों को आराम पहुंचाने का प्रयास करते हैं। इतना ही नहीं, 10 मिनट तक ठहाके लगाने से आपको दो घंटे तक दर्द से राहत या नींद आ सकती है।

सेक्स हॉर्मोन ऐक्टिव

हंसने से शरीर में कई हॉर्मोस ज्यादा ऐक्टिव होते हैं। उनमें सेक्स हॉर्मोस भी शमिल हैं। मसलनः टेस्टास्टरोन, एस्ट्रोजन, प्रोजेस्ट्रोन आदि। इसका पॉजिटिव असर यह होता है कि लोगों की परफॉर्मेंस बेहतर हो जाती है। हंसी है यानी तनाव कम है। जब तनाव कम होता है तो सहवास के समय ध्यान नहीं भटकता।

स्किन करती हैं ग्लो

चूंकि हंसी की वजह से शरीर में ऑक्सिजन की मात्रा में इजाफा होता है तो इसका सकारात्मक असर हमारी स्किन पर भी पड़ता है। यह असर एक दिन या एक महीने में नहीं होता। ऐसा देखा जाता है कि जो लोग हंसमुख होते हैं, उनकी स्किन ऐसे लोगों की तुलना में कुछ ज्यादा दमकती है जो हंसने में कंजूसी करते हैं।

नेलपॉलिश लगाने के बाद सुखाना चाहते हैं जल्दी,आजमाए ये तरीके

समय के साथ फैशन का अंदाज भी बदलता रहता हैं। लड़कियां अपने लुक में निखार लाने के लिए फैशन से जुड़ी कई चीजें अपनाती हैं जिनमें से एक हैं नेलपॉलिश। यह आपको नाखुनों को आकर्षक दिखाने के साथ ही बेहतरीन लुक देने का काम करती हैं। लेकिन कई बार देखने को मिलता है कि नेलपॉलिश सूखने में काफी समय लग जाता हैं जिसकी वजह से महिलाएं कुछ भी काम नहीं कर पाती हैं। कई बार नेलपेंट गीली होने की वजह से फैल भी जाती हैं और डिजाईन बिगड़ जाती हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स लेकर आए हैं जिसे आजमाने के बाद नाखुनों की नेलपॉलिश झट से सूख जाएगी और नेलपेंट खराब भी नही होगी। आइये जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

शेक अप द बॉटल

नेल पॉलिश कितनी जल्दी सूखती है यह डिपेंड करता है कि आप किस तरीके से उसे लगाती हैं। नेल पॉलिश को अगर कुछ दिनों के लिये छोड़ दिया जाए तो वह गाढी हो जाती है। इसलिये उसे लगाने से पहले उसमें थोड़ा सा एसिटोन मिला दें जिससे वह हल्की हो जाए और फिर उसे लगाएं।

ठंडा पानी करें इस्तेमाल

आप ठंडे पानी का इस्तेमाल करके नेल पेंट जल्दी से सुखा सकती हैं। जब भी आप नेल पॉलिश लगा रही हैं तो एक कटोरी में आइस वॉटर डालें। इसके बाद जब भी आप नेल पेंट दोनों नाखुनों पर लगा लें तो अपने हाथों को आइस वाटर में डूबोकर रखें। इससे नेलपेंट जल्दी सुख जाएगा।

टॉप कोट

अधिकतर लड़कियां टॉप कोट लगाना भूल जाती है। जबकि टॉप कोट एक जेल होता है और इसका टेक्सचर पतला होता है। इससे नेलपॉलिश कितनी भी कोट लगाई जाए ये जल्दी से सूख जाती है। टॉप कोट को हल्के गीले नेलपेंट के ऊपर लगाने से भी नेलपॉलिश खराब नहीं होती है और ये जल्दी सूख जाती है।

ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल

नेलपॉलिश जल्दी सुखाना चाहते हैं तो ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल कर सकते हैं। हांलाकि कुछ लड़कियां इस आईडिया को पसंद नहीं करती है, लेकिन अगर आप चाहें तो ब्लो ड्रायर से नाखुनों को सुखा सकती हैं। इसके लिए बस आपको ब्लो ड्रायर को मिनिमम सेंटिग पर रखना होगा जिससे ये हीट न करे और केवल हवा दे। जिससे नेलपेंट आसानी से सूख जाए।

ड्राइंग ड्रॉप्स का इस्तेमाल करके

आप ड्राइंग ड्रॉप्स का इस्तेमाल करके नेल पेंट सुखा सकते हैं। आपको बाजार में आसानी से ड्राइंग ड्राप्स मिल जाएंगे। नेल पॉलिश लगाने के बाद इसे अपने नाखुन पर लगाएं। इससे भी नेल पेंट बहुत ही आसानी से सुख जाएगा। यह ऑयल नाखुनों के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है।

बेबी ऑयल

आप बेबी ऑयल का इस्तेमाल नेल पेंट सुखाने के लिए कर सकते हैं। इसके अलावा आप ऑलिव ऑयल भी नेल पेंट को सुखाने के लिए प्रयोग कर सकते हैं। एक कटोरी में बेबी ऑयल डालें। इसके बाद इसमें अपनी उंगलियां डुबोकर रखें। इससे आपकी नेल पॉलिश जल्दी सुख जाएगी।

पतली कोटिंग

आपके नेलपेंट लगाने के तरीके पर भी यह निर्भर करता है कि नेलपेंट कितनी देर में सूखेगी। अगर आप नेलपेंट की थिक लेयर लगाती हैं तो उसे सूखने में काफी वक्त लगता है। कई बार तो इसमें घंटों भी लग जाते हैं। इसलिए सबसे अच्छा तरीका है कि आप नेलपेंट की थिन लेयर लगाएं। इससे आप उसे मैसी होने से बचा सकती हैं।

दिवाली पर मेहमानों को सर्व करें ये खास ड्रिंक,स्वाद रह जाएगा याद

दिवाली का त्योहार नजदीक है। मेहमानों को खिलाने के आपने भी डिश की लिस्ट बना ली होंगी। साथ ही कौन सी मिठाईयां खिलानी है ये भी सोच लिया होगा। लेकिन अगर आपने अभी तक रिफ्रेशमेंट ड्रिंक कौन सी बनानी है, इस बारे में नहीं सोचा है तो ये रेसिपी जरूर आपके काम आएगी। पाइनेप्पल से लेकर लेमन के टेस्ट वाली ये नॉन एक्लोहलिंग ड्रिंक हर किसी को पसंद आएगी। तो चलिए जानें कैसे तैयार होंगी ये स्पेशल ड्रिंक।

वैसे तो मार्केट में कई सारे फ्लेवर की रेडीमेड ड्रिंक मिल जाएंगी। लेकिन घर में इन्हें बनाकर तैयार करने का अलग ही मजा होता है। आगे की स्लाइड में जानिए मॉकटेल ड्रिंक्स की रेसिपी।

पाइनेप्पल ड्रिंक

पाइनेप्पल फ्लेवर को बहुत सारे लोग ड्रिंक में पसंद करते हैं। आप चाहे तो इस फ्लेवर की मॉकटेल ड्रिंक बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए जरूरत होगी पाइनेप्पल, स्ट्रॉबेरी सीरप, पाइनेप्पल जूस।

पाइनेप्पल जूस में दो से तीन चम्मच स्ट्रॉबेरी सीरप को डालें और मिक्स करें। साथ में बर्फ को चूरा करके इसे ठंडा कर लें और पाइनेप्पल के छोटे टुकड़े काटकर इस ड्रिंक में मिलाएं। बस तैयार पाइनेप्पल ड्रिंक। इसे मनचाहे गिलास में सर्व करें।

चॉकलेट हेजलनेट मिल्कशेक

चॉकलेट बहुत सारे लोगों को पसंद होती है। ऐसे में आप चिल्ड चॉकलेट हेजलनेट मिल्कशेक बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए दूध, कोको पाउडर, चॉकलेट के टुकड़ों और बर्फ को मिक्सर में डालकर चिल कर लें। आप अगर मिठास और चॉकलेटी फ्लेवर बढ़ाना चाहती हैं तो इसमे चॉकलेट सीरप मिक्स करें। साथ में हेजलनट डालें। बस तैयार है स्वादिष्ट चॉकलेट मिल्कशेक।

जलजीरा

खट्टी-मीठी ड्रिंक सर्व करनी है तो जलजीरा भी बेस्ट ऑप्शन है। जीरा के फ्लेवर वाली ये ड्रिंक पाचन के लिए भी अच्छी है। इसे बनाने के लिए जरूरत होगी इमली का पल्प, पुदीना के पत्ते, भुना पिसा जीरा, गुड़, काला नमक, नींबू का रस। सारी चीजों को पानी में मिक्स कर ठंडा कर लें। बस तैयार है स्वादिष्ट ड्रिंक।

ककम्बर मोजिटो

खीरे के टुकडे, डार्क रम, पुदीना के पत्ते, नींबू का रस, शुगर सीरप। इन सारी चीजों को मिलाकर बर्फ डालकर ठंडा कर लें। बस तैयार है टेस्टी रिफ्रेश मोजिटो ड्रिंक। इसे मेहमानों को सर्व करें।

चेरी जिंजर आइस टी

चेरी जिंजर आइस टी को बनाने के लिए जरूरत होगी वनीला शुगर, चिली शुगर, जिंजर जूस, चेरी जूस, लाइम जूस, ग्रेप जूस। किसी जग में सारे जूस को मिक्स कर लें और फ्रिज में ठंडा करें। बस रेडी है आइस टी ड्रिंक।

अगर अमेरिका ने कर्ज डिफॉल्ट कर दिया तो क्या होगा!हर नागरिक पर है ढाई लाख डॉलर का ऋण

वाशिंगटन , 13 अक्टूबर 2022। हाल में आई इस खबर ने आर्थिक जानकारों की चिंता बढ़ा दी है कि अमेरिका सरकार पर कर्ज बढ़ कर 31.1 ट्रिलियन डॉलर हो चुका है। फिलहाल, अमेरिका सरकार के कर्ज लेने पर 31.4 ट्रिलियन डॉलर की सीमा लगी हुई है। यानी अब जो बाइडन प्रशासन के पास सिर्फ 300 बिलियन डॉलर और कर्ज लेने का विकल्प बचा है। इससे ज्यादा जरूरत होने पर उसे कांग्रेस (संसद) की मंजूरी लेनी होगी। विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी के विरोध के कारण ये अनुमति मिलना बेहद मुश्किल माना जा रहा है।

न्यूयॉर्क शहर में लगे नेशनल डेट क्लॉक (राष्ट्रीय ऋण घड़ी) के मुताबिक तीन अक्तूबर ताजा आकंड़ा जारी होने के बाद के हफ्ते में सरकार पर कर्ज और चढ़ा है। ये घड़ी यह आगाह करने लिए लगाई गई थी कि अमेरिका अपनी आमदनी से ज्यादा खर्च कर रहा है। ताजा आंकड़े का मतलब यह है कि अमेरिका के हर नागरिक पर इस समय 93,400 डॉलर का कर्ज है। अगर सिर्फ करदाता नागरिकों की बात करें, तो उन पर प्रति नागरिक ढाई लाख डॉलर का ऋण है। कर्ज अमेरिका की कुल जीडीपी के 126 फीसदी के बराबर हो चुका है। ये रकम चीन, जापान, जर्मनी और ब्रिटेन की साझा सालाना जीडीपी से भी ज्यादा है।

OUR NATIONAL DEBT:
22 419 966 173 151
YOUR Family share 990 648
THE NATIONAL DEBT CLOCK

ब्रिटिश वित्तीय मीडिया- फिनबॉल्ड ने 2022 के आंकड़ों का आधार पर कहा है कि अमेरिका सरकार पर हर रोज छह बिलियन डॉलर का कर्ज चढ़ रहा है। अमेरिकी संस्था कमेटी फॉर ए रेस्पॉन्सिबल फेडरल बजट की अध्यक्ष माया मैक्गिनीज ने कहा है- '(कर्ज का) ये ऐसा रिकॉर्ड है, जिस पर किसी अमेरिकी को गर्व नहीं होगा।' बीते हफ्ते ताजा आंकड़ा जारी होने के बाद अमेरिकी पत्रकार जॉन स्टोसेल ने राय जताई थी कि अगर कर्ज के इस बोझ को ठीक से नहीं संभाला गया, तो जो सूरत बनेगी, वह अमेरिका और बाकी दुनिया के लिए एक बुरे सपने की तरह होगी।

अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने पिछले महीने लिखा था कि अमेरिका के राष्ट्रीय कर्ज पर ब्याज के तेजी से बढ़ने से वैसी स्थिति बन रही है, जिसे अर्थशास्त्री 'डूम लूप' कहते हैं। यह वो सूरत होती है, जब सरकार को ब्याज चुकाने के लिए नया कर्ज लेना पड़ता है। उससे ब्याज का बोझ और बढ़ता है और फिर उसे चुकाने के लिए और कर्ज लेना पड़ता है।

चढ़ते कर्ज चिंता काफी समय से जानकारों को सता रही है। पिछले वर्ष थिंक टैंक पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में सीनियर फेलॉ जैक किर्कगार्ड ने वॉयस ऑफ अमेरिका से बातचीत में कहा था- अगर किसी वजह से अमेरिका सरकार ने डिफॉल्ट (खुद को कर्ज चुकाने में अक्षम घोषित) कर दिया, तो उसका विश्व वित्तीय व्यवस्था पर टाइम बम फटने जैसा असर होगा। उसके परिणामस्वरूप वैश्विक कारोबार में भारी गिरावट आएगी और वैश्विक रिजर्व करेंसी के रूप में डॉलर की हैसियत खत्म हो जाएगी।

विशेषज्ञों ने कहा है कि कर्ज की मात्रा और बढ़ने पर कर्ज चुका पाने की अमेरिका सरकार की क्षमता में निवेशकों का भरोसा घट सकता है। उससे अमेरिका को नया कर्ज अधिक महंगी ब्याज दर पर लेना होगा। उससे कर्ज का दुश्चक्र अधिक गंभीर हो जाएगा। उसके बीच डिफॉल्ट की आशंका अधिक ठोस नजर आने लगेगी।

संयुक्त राष्ट्र

चल रही थी यूक्रेन संकट पर चर्चा, पाकिस्तान ने उठा दिया कश्मीर का मुद्दा,भारत ने जमकर लताड़ा

न्यूयॉर्क , 13 अक्टूबर 2022। संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान की नापाक हरकत एक बार फिर से सामने आई है और इसके लिए भारत ने एक बार फिर से लताड़ लगा दी है। दरअसल, महासभा में यूक्रेन और रूस युद्ध के मुद्दे पर बहस चल रही थी और पाकिस्तानी राजनयिक मुनीर अकरम लगातार कश्मीर की स्थिति से रूस-यूक्रेन युद्ध की तुलना कर रहे थे। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने जमकर लताड़ लगा दी। रुचिरा कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन और रूस युद्द जैसे गंभीर मुद्दे पर बहस हो रही है लेकिन हमें आश्चर्य हो रहा है कि फिर एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा इस मंच का दुरुपयोग किया जा रहा है। मेरे देश के खिलाफ तुच्छ और व्यर्थ टिप्पणी की जा रही है।

पाकिस्तान सामूहिक अवमानना का पात्रः रुचिरा कंबोज

कंबोज ने कहा कि बार-बार झूठ बोलने वाली मानसिकता धारण करने वाले देश हमेशा सहानुभूति लेने की कोशिश करते हैं लेकिन इससे कोई फायदा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान के बाद पाकिस्तान सामूहिक अवमानना का पात्र है। जम्मू और कश्मीर का पूरा क्षेत्र हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा, चाहे पाकिस्तान का प्रतिनिधि चाहे या चाहे जो भी माने। हम पाकिस्तान से आतंकवाद को रोकने के लिए कहते हैं ताकि हमारे नागरिक अपने जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का आनंद ले सकें।

हरिवंश ने कही यह बात

किगाली (रवांडा) में 145 वीं आईपीयू असेंबली में पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे को उठाया। इस पर राज्यसभा उपाध्यक्ष हरिवंश ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर इस मंच का दुरुपयोग मेरे देश के खिलाफ झूठे और दुर्भावनापूर्ण प्रचार का प्रचार करने के लिए किया है। पाकिस्तान ने आज की चर्चाओं से ध्यान हटाने के लिए इस मंच का इस्तेमाल किया।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत-विरोधी आतंकवाद को तुरंत बंद करना चाहिए और आतंकवाद के अपने बुनियादी ढांचे को बंद करना चाहिए। पीओजेके में मानवाधिकारों के उल्लंघन को रोकना चाहिए, पीओजेके की स्थिति में किसी भी भौतिक परिवर्तन को प्रभावित करने से बचना चाहिए और अपने अवैध कब्जे के तहत भारतीय क्षेत्रों को खाली करना चाहिए।

मिनाक्षी लेखी ने भी घेरा

अस्ताना (कजाकिस्तान) में सीआईसीए शिखर सम्मेलन में विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि पाकिस्तान के पास जम्मू-कश्मीर पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद का केंद्र है। पाक को आतंकवाद के अपने बुनियादी ढांचे को बंद कर देना चाहिए।

मानवाधिकारों की चिंता छोड़ टोयोटा मोटर ने म्यांमार में चालू कर दिया कारखाना

यंगून , 13 अक्टूबर 2022। कार निर्माता कंपनी टोयोटा मोटर ने मानव अधिकारों की चिंता छोड़ कर म्यांमार में अपने कारखाने को चालू कर दिया है। इस तरह उसने म्यांमार पर पश्चिमी देशों की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों की अनदेखी करने का निर्णय लिया है। इन प्रतिबंधों के कारण बीते एक साल यूरोप की कई कंपनियों ने म्यांमार में अपना कारोबार समेट लिया या कारोबार में कटौती की। लेकिन टोयोटा ने उनके विपरीत रुख लिया है।

वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम की एक विशेष खबर के मुताबिक टोयोटा कंपनी ने अपना नया कारखाना यंगून के करीब थिलवा में शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट पर कंपनी सैनिक तख्ता पलट के पहले से काम कर रही थी। कारखाना फरवरी 201 में ही चालू होना था। लेकिन एक फरवरी 2021 को हुए तख्ता पलट के बाद टोयोटा ने वहां काम रोक दिया। मगर अब 19 महीने बाद उसने कारखाना चालू कर दिया है। म्यांमार की सेना ने फरवरी 2021 में निर्वाचित प्रतिनिधियों को शासन संभालने से रोक कर सत्ता पर कब्जा जमा लिया था। तब से देश पर म्यांमार पर पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगा रखे हैं।

टोयोटा का थिलवा प्लांट वहां स्थित स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (एसईजेड) में स्थित है। पर्यवेक्षकों ने कहा है कि म्यांमार इस गहरे सामाजिक और आर्थिक उथल-पुथल के दौर में है। देश के कई इलाकों में बागी गुटों की गतिविधियां तेज हो जाने से गृह युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। विद्रोहियों में नस्ल आधारित हथियार बंद कुछ समूहों के साथ-साथ नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आंग सान सू ची की पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) के समर्थक भी शामिल हैं। लेकिन इस हाल को नजरअंदाज कर टोयोटा ने कारखाना चालू किया है।

अब मिली जानकारियों के मुताबिक टोयोटा ने इस साल अगस्त में एसईजेड के अधिकारियों को लिखित सूचना दी थी कि वह अपने कारखाने को चालू करने जा रही है। सितंबर में वहां उत्पादन शुरू हो गया। इस कारखाने में हिलुक्स पिकअप ट्रकों का उत्पादन होगा। ऐसी संभावना है कि यहां हर महीने कई दर्जन ऐसे ट्रक तैयार होंगे। खबरों के मुताबिक टोयोटा कंपनी इन ट्रकों की सप्लाई के लिए म्यांमार स्थित डीलरों से ऑर्डर स्वीकार करना शुरू कर चुकी है। हालांकि सीमित उत्पादन क्षमता के कारण कंपनी डीलरों को ऑर्डर की सप्लाई की निश्चित तारीख अभी नहीं बता रही है।

इस प्रोजेक्ट का एलान मई 2019 में हुआ था। तब बताया गया था कि टोयोटा इस कारखाने में पांच करोड़ 26 लाख डॉलर का निवेश करेगी। तब यहां हर साल ढाई हजार हिलुक्स ट्रकों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया था।

इस वर्ष से जनवरी से अगस्त के बीच म्यांमार में मोटर वाहनों की कुल बिक्री लगभग 6,500 रही। सैनिक तख्ता पलट के पहले की तुलना में यह आधे से भी कम है। जानकारों के मुताबिक देश में वाहनों की पर्याप्त आपूर्ति ना होने के कारण बिक्री में गिरावट आई है। म्यांमार सरकार ने विदेशी मुद्रा बचाने की कोशिश में विदशों से मोटर वाहन आयात करने पर सीमा लगा रखी है। म्यांमार इस समय आर्थिक संकट में है। उसकी मुद्रा क्यात के भाव में हाल में और गिरावट आई है।

बोस्निया और हर्जेगीविना को उम्मीदवार का दर्जा दें : ईयू

ब्रसेल्स ,13 अक्टूबर 2022। यूरोपीय आयोग ने सिफारिश की है कि यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देश आगे के सुधारों की शर्त के तहत बोस्निया और हर्जेगीविना को उम्मीदवार का दर्जा दें। पड़ोस और इजाफा के लिए यूरोपीय आयुक्त ओलिवर वरहेली ने यूरोपीय संसद में 2022 के लिए आयोग का इजाफा पैकेज पेश किया।

बोस्निया और हर्जेगीविना ने फरवरी 2016 में यूरोपीय संघ में शामिल होने के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत किया। मई 2019 में, आयोग ने आवेदन पर अपनी राय अपनाई। इसने देश को पूरा करने के लिए 14 प्रमुख विधायी और संस्थागत प्राथमिकताओं की पहचान की।

इनमें लोकतंत्र और कार्यक्षमता, कानून का शासन, मौलिक अधिकार और लोक प्रशासन सुधार के क्षेत्र शामिल थे।

कामिकेज ड्रोन से कीव पर हमला,यूक्रेन जंग में रूसी सेना की मदद के लिए ईरान की एंट्री!

कीव, 13 अक्टूबर 2022। करीब आठ माह से जारी रूस-यूक्रेन जंग में अब ईरान की परोक्ष एंट्री हो गई है। यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार तड़के ईरान निर्मित कामिकेज ड्रोन से हमला किया गया। अमेरिका समेत नाटो जहां यूक्रेन को हथियार भेज रहे हैं, वहीं अब लगता है कि रूस की मदद के लिए भी ईरान आगे आया है।

सोमवार को पूरे यूक्रेन में बड़े पैमाने पर हुए रूस के घातक हमलों के बाद लगातार चौथी सुबह हवाई हमले का संकेत देने वाले सायरन की आवाज सुनी गई। कीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सी कुलेबा ने कहा कि ईरानी ड्रोन से हमला राजधानी के आसपास के इलाके में हुआ। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमले में कोई हताहत हुआ है या नहीं। कीव में जिस जगह ईरानी ड्रोन से हमला किया गया, वहां बचावकर्मियों को भेजा गया है।

मायकोलाइव में रातभर गोलाबारी

यूक्रेन के दक्षिणी मोर्चे पर लड़ाई जारी रहने के बीच दक्षिणी शहर मायकोलाइव में रातभर हुई गोलाबारी में पांच मंजिला इमारत नष्ट हो गई। मायकोलाइव के मेयर ऑलेक्जेंडर सिएनकोविच ने कहा कि इमारत की ऊपरी दो मंजिलें एक ही हमले में पूरी तरह से नष्ट हो गई और शेष पूरी इमारत मलबे में तब्दील हो गई। तत्काल यह स्पष्ट नहीं है कि घटना में क्या कोई हताहत हुआ है या नहीं।

यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई शुरू की

यूक्रेन के दक्षिणी मोर्चे पर सुबह हमले होना आम हो गया है। वहीं, यूक्रेन की सेना ने रूस के कब्जे वाले क्षेत्र को फिर से अपने अधिकार में लेने के लिए जवाबी कार्रवाई की। रूस ने सोमवार को कीव को चार बार निशाना बनाया था। उस दिन देशभर में हुए रूसी हमलों में कम से कम 19 लोग मारे गए थे और 100 से अधिक घायल हो गए थे।

पश्चिमी देश यूक्रेन भेज रहे हथियार

पश्चिमी देशों के नेताओं ने इस सप्ताह यूक्रेन को और हथियार भेजने का संकल्प लिया है, जिसमें वायु रक्षा प्रणाली और हथियार शामिल हैं। कीव ने कहा है कि हमलावर रूसी सेना को हराने के लिए ये हथियार बेहद महत्वपूर्ण हैं।

राजपक्षे की कैद में हैं विक्रमसिंघे,इस इल्जाम पर अब राष्ट्रपति दे रहे हैं सफाई

कोलंबो , 13 अक्टूबर 2022। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को इस आरोप पर स्पष्टीकरण देना पड़ा है कि वे पूर्व राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षे के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। विक्रमसिंघे की यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) की एक अधिकारी ने सार्वजनिक बयान जारी कर इसका भी खंडन किया है कि विक्रमसिंघे पूर्व राष्ट्रपति को संरक्षण दे रहे हैं। ये मामला यहां बियरे झील के पास विरोध प्रदर्शन की हुई एक घटना के बाद गरमाया है। इस घटना में कई लोग अंडरवियर में झील से बाहर आकर खड़े हुए और विक्रमसिंघे को राजपक्षे का मोहरा बताया।

इसके पहले राजपक्षे की पार्टी श्रीलंका पोडुजुना पेरामुना (एसएलपीपी) ने एक सार्वजनिक रैली आयोजित की थी। उसे अन्य वक्ताओं के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने भी संबोधित किया। इसमें उन नेताओं ने कहा कि विक्रमसिंघे देश को सही दिशा में ले जा रहे हैं। इस टिप्पणी से देश के एक बड़े तबके में गुस्सा भड़क उठा है।

यूएनपी के महासचिव पलिता रानागे बंडारा ने इस मामले में राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को लपेटे जाने की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि जो नेता आज राष्ट्रपति पर राजपक्षे परिवार को संरक्षण देने का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें ये बात याद रखनी चाहिए कि विक्रमसिंघे ने उनका पुनर्वास किया है। वरना, ऐसे नेताओं का यह हाल हो गया था कि वे अपने घर से भी बाहर नहीं निकल सकते थे। बंडारा ने कहा- लोग बियरे झील पर अंडरवियर में आए। उधर नेताओं को इसके लिए रानिल विक्रमसिंघे का शुक्रगुजार होना चाहिए कि आज वे सुरक्षित अपने वाहनों में बैठ कर संसद पहुंचते हैं या रैलियों को संबोधित करने चले जाते हैं।

हाल में कई विपक्षी नेताओं ने ये बात कही है कि विक्रमसिंघे को राजपक्षे परिवार ने कैद कर रखा है। जन विद्रोह के बाद गोटाबया राजपक्षे ने राष्ट्रपति पद छोड़ दिया था। उसके बाद श्रीलंका की संसद ने विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति चुना। उन्हें एसएलपीपी के समर्थन निर्वाचित किया गया। पर्यवेक्षको के मुताबिक इसलिए ये धारणा देश में बनी रही है कि राजपक्षे परिवार ने उन्हें राष्ट्रपति बनवाया और इसके बदले विक्रमसिंघे राजपक्षे परिवार को संरक्षण दे रहे हैं।

पाकिस्तान में हर दो घंटे में होती है दुष्कर्म की एक घटना,सजा की दर महज 0.2 फीसदी

इस्लामाबाद , 13 अक्टूबर 2022। हाल ही में एक सर्वेक्षण के अनुसार पाकिस्तान में हर दो घंटे में एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना होती है। सर्वे में देश में महिलाओं के लिए असुरक्षित हालात पर प्रकाश डाला गया है, जहां ऑनर किलिंग के मामले भी बड़े पैमाने पर सामने आते हैं। पंजाब प्रांत के गृह विभाग और मानव अधिकार मंत्रालय से एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर पाकिस्तानी चैनल समा टीवी की जांच इकाई (स्ढ्ढ) द्वारा किए गए सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि महिलाओं के दुष्कर्म के मामलों में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन सजा की दर बहुत ही कम 0.2 प्रतिशत है।

2017 से 2021 तक देश में 21,900 महिलाओं के साथ दुष्कर्म

नए आंकड़ों से पता चला है कि 2017 से 2021 तक देश में 21,900 महिलाओं के साथ दुष्कर्म होने की सूचना मिली थी। इसका मतलब है कि देश भर में रोजाना लगभग 12 महिलाओं या हर दो घंटे में एक महिला के साथ दुष्कर्म किया गया। सर्वेक्षणकर्ताओं के अनुसार, ये रिपोर्ट किए गए मामले मामूली हैं क्योंकि सामाजिक कलंक और प्रतिशोधात्मक हिंसा के डर से महिलाएं ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट नहीं करती हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि 2017 में दुष्कर्म के लगभग 3,327 मामले दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2018 में यह 4,456 मामलों तक पहुंच गया, 2019 में 4,573 मामले, 2020 में 4,478 मामले और फिर 2021 में बढ़कर 5,169 मामले हो गए।

केवल 4 फीसदी मामलों की सुनवाई हुई

2022 में मीडिया ने देश भर में दुष्कर्म के 305 मामले दर्ज किए। मई में 57, जून में 91, जुलाई में 86 और अगस्त में 71 मामले सामने आए। पहले मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि पंजाब में मई 2022 से अगस्त 2022 तक लगभग 350 बलात्कार के मामले सामने आए, लेकिन साल के पहले चार महीनों के लिए कोई डेटा उपलब्ध नहीं था। 2022 में पाकिस्तान की 44 अदालतों में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के 1,301 मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस ने 2,856 मामलों में चार्जशीट दाखिल की। लेकिन केवल 4 फीसदी मामलों की सुनवाई हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान दुष्कर्म के मामलों में दोषसिद्धि दर महज 0.2 प्रतिशत रही। 2020 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने अदालतों में महिला विरोधी पूर्वाग्रह वाले 75 देशों में पाकिस्तान को शीर्ष स्थान दिया था। इस साल जुलाई में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा जारी एक रिपोर्ट ने पाकिस्तान को लैंगिक समानता के मामले में दूसरे सबसे खराब देश के रूप में रखा और 146 देशों के एक सर्वेक्षण में इसे 145 वें स्थान पर रखा। पाकिस्तान से खराब प्रदर्शन करने वाला एकमात्र अफगानिस्तान था।

दिवाली पर न्यूयॉर्क की गवर्नर का बयान सुन आप भी करेंगे तारीफ

न्यूयॉर्क , 13 अक्टूबर 2022। अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य की गवर्नर कैथी होचुल ने दिवाली को लेकर जो बात कही है उसे जानकर आपभी उनकी तारीफ करेंगे। उन्होंने दिवाली के संदेश को आज के समय के लिए बड़ी सीख बताई है। उन्होंने कहा कि आज के विभाजन और ध्रुवीकरण के समय में अंधेरे पर प्रकाश और संघर्ष पर शांति की जीत का संदेश लोगों को याद दिलाता है कि एकता ही वास्तव में आगे बढ़ने का रास्ता है। होचुल ने मंगलवार को न्यूयॉर्क में दिवाली समारोह की मेजबानी करते हुए कहा कि दिवाली ने एकता, प्रकाश और समृद्धि के संदेश को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि विविधता वास्तव में हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए मैं हमारे दक्षिण-एशियाई, इंडो-कैरेबियन समुदायों, हमारे हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध न्यू यॉर्कर के साथ जश्न मना रही हूं। होचुल ने कहा कि यह समय हम सभी के एक साथ आने का है।

दिवाली का उत्सव हमें एकता की याद दिलाता है- कैथी होचुल

उन्होंने कहा कि आज हम देखते हैं कि हमारे समाज में, हमारे देश में क्या हो रहा है - कैसे बहुत लोग ध्रुवीकरण और विभाजन का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह इस तरह से नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिवाली का उत्सव हमें याद दिलाता है कि एकता ही वास्तव में आगे बढ़ने का रास्ता है और इसी तरह हम एक साथ काम करके अपने राज्य और अपने देश को एक बेहतर जगह पर ले जा सकते हैं।

दिवाली टिकट इतिहास में सबसे अधिक बिकने वाले टिकटों में से एक- कैरोलिन मैलोनी

कांग्रेस की सदस्य कैरोलिन मैलोनी, जिन्होंने एक स्मारक दिवाली डाक टिकट के लिए भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों के साथ कांग्रेस में वर्षों के प्रयासों का नेतृत्व किया था, ने इस कार्यक्रम में कहा कि दिवाली का संदेश अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई का संदेश वास्तव में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 2016 में जारी किया गया दिवाली टिकट इतिहास में सबसे अधिक बिकने वाले टिकटों में से एक है और इसने यूएस पोस्टल सर्विस के लिए 80 लाख अमेरिकी डॉलर की कमाई की है।

कोरबा कलेक्टोरेट में दर्जनों सीआरपीएफ जवानों के साथ ईडी की दबिश

आदिवासी विकास विभाग को किया सील

-राजा मुखर्जी-

कोरबा,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ में माइनिंग में हुई गड़बड़ी के सिलसिले में एक्शन में आई ईडी की टीम ने गुरुवार को कोरबा कलेक्टोरेट कार्यालय में दबिश दी है। दर्जनभर अधिकारियों सीआरपीएफ के जवानों से लैस टीम ने खनिज विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग को सील कर अफसरों को बिठाकर फाइलों की जांच शुरू की। ईडी की टीम पिछले 3 दिनों से छत्तीसगढ़ में माइनिंग में हुए अनियमितताओं के सिलसिले में राजधानी रायपुर में डेरा डालकर छापामार कार्रवाई कर रही है। ईडी की जांच के रडार में 3 आईएस सहित बिल्डर आए हैं। माइनिंग में गड़बड़ी से जुड़े तार सर्वाधिक माइनिंग रॉयल्टी देने वाले कोरबा जिले से भी जुड़े हैं । लिहाजा ईडी की टीम ने गुरुवार को दफ्तर खुलते ही कोरबा के कलेक्टोरेट कार्यालय में दबिश दे दी। 05 वाहनों में ईडी की टीम सीआरपीएफ के दर्जनों जवानों के साथ पहुंची। अधिकारियों ने कलेक्टोरेट कार्यालय में खनिज विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के अफसरों को बिठा कर फाइलों की जांच कर रही है । हालांकि जांच के दौरान कौन सी बातें सामने आएंगी ये तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। गौरतलब हो ईडी को कोरबा जिले में माइनिंग में तमाम गड़बड़ियों की शिकायतें मिलती रही है। प्रदेश में हुई छापामारी के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहढ़ थढ़ कि ईडी की टीम कभी भी कोरबा में दस्तक दे सकती है। फिलहाल ईडी की छापेमारी से ब्यूरोक्रेसी सहित माइनिंग के कारोबार से जुड़े कारोबारियों में हड़कम्प मचा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक कड़ी सुरक्षा के बीच जांच जारी है।

रामपुर विधायक ने छापामार कार्रवाई को ठहराया सही

कोयला कारोबारियों के आवास व दफ्तरों में हुई छापामार कार्रवाई के दूसरे दिन गुरुवार को ईडी की टीम कलेक्ट्रेट में दबिश दी। ईडी की कार्रवाई को लेकर रामपुर विधायक ननकीराम कंवर ने कहा कि यूपी के चुनाव के लिए पैसा भेजने के लिए छत्तीसगढ़ में काली कमाई की गई थी। यह कार्रवाई उसी समय हो जाना था जब कोयले व अन्य खनिज में अवैध वसूली हो रही थी। ईडी की एक के बाद एक छापामार कार्रवाई से राज्य सरकार को घेरने विपक्षी दल भाजपा को मौका मिल गया है। रामपुर विधायक कंवर ने कहा कि जिस तरह से कोयले में अवैध वसूली की जा रही थी, इसे लेकर उन्होंने विधानसभा में भी मुद्दा उठाया था। ईडी बिना किसी पुख्ता रिकॉर्ड के छापामार कार्रवाई नहीं करती। उनके पास इस तरह के रिकॉर्ड मिले होंगे, जिसके बाद यह छापामार कार्रवाई कोरबा समेत प्रदेश के विभिन्न ठिकानों पर की जा रही है।

शहर में यातायात नियमों को तोड़ना अपनी शान समझ रहे चंद लोग

-पृथ्वीलाल केशरी-

रामानुजगंज,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। शहर में ऐसे चालकों की कोई कमी नहीं है, जो यातायात नियमों को तोड़ना अपनी शान समझते हैं। अपने वाहनों में अनाधिकृत यंत्र लगाने के साथ ही नशे में वाहन चलाने से भी वे बाज नहीं आते। ऐसे में बुलेट वाहन में पटाखायुक्त साइलेंसर लगाकर, शहर में ध्वनि प्रदूषण करने वाले युवक के खिलाफ संबंधित विभाग उदासीन है। जिसके कारण शहर की सड़कों पर बुजुर्ग व्यक्तियों महिलाओं एवं बच्चों को जान जोखिम में डालकर चलना पड़ रहा है। ऐसे चालकों को हिरासत में लेते हुए मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही होनी चाहिए ताकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को सबक मिल सके और शहर की जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।

चौपाटी के समीप लग रहा प्रतिदिन जाम

कुछ लोग सड़क किनारे बेतरतीब ढ़ंग से वाहन खड़ी कर खरीदारी करने चले जाते है जिससे जाम की समस्या और भी बढ़ जाती है। कभी-कभी तो जाम के चलते वाहन रेंगते नजर आते है। लरंगसाय चौक से लगे हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश के बंगले के बगल में स्थित चौपाटी के सामने प्रतिदिन जाम की सबसे ज्यादा समस्या है। यहां हर दिन जाम की नौबत आ जाती है।

शहर की सड़कों पर फर्राटे दार दौड़ रहा वाहन

शहर की सड़कों पर नाबालिक से लेकर बालिक तक लोग फराटे दार वाहन दौड़ा रहे हैं जिसके कारण बुजुर्ग महिलाओं एवं बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है यदि जरा सी चूक हुई तो पैदल चलने वाले को ठोकते हुए निकल जा रहे हैं जिसके कारण दोनों व्यक्तियों को आर्थिक मानसिक एवं शारीरिक कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है। अफसोस की बात यह है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जानकारी होने के बाद भी इस दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि नगर की विधि व्यवस्था बिगाड़ कर रखने में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का बहुत बड़ा योगदान है जिसकी खामियाजा शहर की जनता भुगत रही हैं।

रेंजर ने नहीं दी चौकीदार को 10 माह से मजदूरी

ग्रामीणों ने कहा मजदूरी राशि मांगने पर रेंजर कहते है मेरे कुर्सी में बैठ कर देखो

-ओमकार पांडेय-

सूरजपुर ,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। वन परिक्षेत्र सुरजपुर के प्रभारी रेंजर की मनमानी अपने चरम पर है। इनके द्वारा जंगलों में कार्य कम कराया जाता है और कागजों में ज्यादा कार्य कराया जाता है। ऐसे ही मजदूरों द्वारा मजदूरी कराकर राशि हड़पने व स्थानीय मजदूरों को कार्य नही देकर बाहर अन्य राज्यो के मजदूरों से कार्य कराने का आरोप लगते ही रहा है। ऐसे ही एक दफा फिर दो मजदूरों ने 10 माह से वेतन नही देने का आरोप लगाया है बल्कि लिखित शिकायत क्लेक्टर को शौप कर लंबित भुगतान करने की मांग की है।

गौरतलब है कि सतीदेव राजवाड़े आत्मज पवन साय राजवाड़े ग्राम करौटी निवासी, वहीं देव शरण अगरिया आत्मज अनुक साय अगरिया ग्राम टइयां जो कि भैयाथान क्षेत्र निवासी है। इनके द्वारा सुरजपुर वन परिक्षेत्र सुरजपुर के टइयां नर्सरी कक्ष क्रमांक 2081628 रकबा 40 हैक्टेयर में माह दिसम्बर 2021 में नर्सरी के सुरक्षा हेतु दोनो ग्रामीणों को कार्य पर रखा गया था। ग्रामीण बताते है कि उन्हें रेंजर व वन विभाग के कर्मचारी द्वारा नौकरी पर रखा गया था। जिन्हें मासिक वेतन 6 हजार रुपये बताई गई थी। आगे बताते है कि हमारा कार्य है कि जंगल की सुरक्षा व्यवस्था देखना, आग जनी ना हो, मवेशियों द्वारा पौधा को नष्ट ना करें सहित जंगलों की देख रेख करने का कार्य था। हमारे द्वारा घर कार्य छोड़ कर समूचा समय जंगल में दिया उम्मीद थी कि मासिक में वेतन मिलेगा किंतु रेंजर द्वारा मजदूरी की राशि नही दिया गया है। जिस कारण आर्थिक तंगी सताने लगी है। उम्मीद था कि राशि मिलेगा ऐसे करते करते 10 माह बीत चुके है। रेंजर से मजदूरी का रकम मांगने पर कहते है कि पैसा नही आया है। मेरे कुर्सी में बैठ कर देख लो ग्रामीण कहते है हमारी मजदूरी की राशि देंगे तभी दीपावली मन पाएगा नही तो बच्चों के लिए कपड़ा, लत्ता समान नही ले पाएंगे।



श्रीमान् कलेक्टर महोदय
जिला सूरजपुर (छ0ग0)

आवेदकगण :- 1. सतीदेव राजवाड़े आ0 पवनसाय राजवाड़े जाति रजवार, ग्राम करौटी थाना भैयाथान विकासखण्ड ओड़गी तहसील ओड़गी जिला सूरजपुर (छ0ग0).
2. देवशरण अगरिया आ0 अनुकसाय जाति अगरिया निवासी ग्राम टईया थाना भैयाथान विकासखण्ड भैयाथान तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0).

विषय :- मजदूरी भुगतान के संबंध में।

महोदय,

सविनय नम्र निवेदन यह है कि हम आवेदकगण टईया नर्सरी कक्ष क्र0 2081628 रकबा 40 हैक्टेयर में माह दिसम्बर 2021 से अभी तक सुरक्षा कर्मी का काम कर किये हैं, जिसका हमें फारेस्ट विभाग के द्वारा मजदूरी भुगतान नहीं किया गया है। हमारे द्वारा पैसा मांगने पर रेंजर द्वारा कहा जाता है कि अभी पैसा नहीं है, कहां से पैसा दें। ज्यादा है तो तुम्ही लोग रेंजर के कुर्सी पर बैठ जाओ।

अस्तु श्रीमान् जी से निवेदन है कि हमें हमारे द्वारा किये काम का मजदूरी भुगतान कराने की कृपा करें।

दिनांक- 10.10.2022

शिकायत

हस्ता0 आवेदकगण.
सतीदेव करौटी
देवशरण

सूरजपुर के सभी थानों में एम पासपोर्ट सुविधा जल्द शुरू होगी:पुलिस अधीक्षक

» जिला पुलिस कार्यालय में पासपोर्ट बनाने को लेकर आयोजित हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

-संवाददाता-

सूरजपुर ,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ में पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया में पुलिस सत्यापन कार्य को सरल बनाते हुए आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए शासन के निर्देशानुसार जिला पुलिस कार्यालय सूरजपुर में मंगलवार, 11 अक्टूबर को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अजय कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर एवं मास्टर ट्रेनर्स जिला सरगुजा के निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा व प्रधान आरक्षक तारकेश्वर केसरी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने बताया कि अब पुलिस सत्यापन एम-पासपोर्ट एप के माध्यम से होगा, उपरोक्त प्रक्रिया को जल्द ही समस्त थानों में प्रारंभ किया जायेगा जिससे पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया सरल होगी, पासपोर्ट सत्यापन की पूर्व की प्रक्रिया में आवेदक को पुलिस कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था। अब यह व्यवस्था लागू होने के बाद पुलिस आवेदक द्वारा दिये गये पते पर पहुंचकर सत्यापन करेगी, जिससे आम जनता का समय की बचत होगी और पुलिस की उपस्थिति जनता के मध्य दर्ज हो सकेगी। जिले के थाना-चौकी प्रभारी एवं जिला विशेष शाखा प्रभारी, सीसीटीएनएस प्रभारी एवं अन्य संबंधित स्टाफ को एम-पासपोर्ट एप के माध्यम से सम्पूर्ण पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया के बारे में नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें थाना स्तर पर आगामी समय में एम-पासपोर्ट एप के माध्यम से आम नागरिकों के सुविधा हेतु पुलिस सत्यापन प्रक्रिया को सुगमता से संचालित किया जा सके। इस हेतु शासन के द्वारा पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत सभी थानों को टेबलेट एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराया जायेगा। इनके उपयोग से आम नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने में लगने वाला समय में कमी एवं आम नागरिकों को सुविधा होगी।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सूरजपुर पुलिस अलर्ट

» पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, लोगों को कराया सुरक्षा का एहसास।
» नगर के प्रमुख स्थानों पर दिखे सशस्त्र पुलिस बल।

-संवाददाता-

सूरजपुर ,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ में पासपोर्ट बनवान पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले के पुलिस अधिकारियों को विजिबल पुलिसिंग एवं शाम-रात्रि के वक्त थाना-चौकी क्षेत्र में पैदल गश्त करने साथ ही आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के निर्देश दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार, 12 अक्टूबर को थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर दलबल के साथ नगर में पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा प्रबंध का जायजा लिया इस दौरान नगर के प्रमुख स्थानों पर सशस्त्र पुलिस बल को भी देखा गया। पुलिस की इस पहल से लोगों में सुरक्षा का भाव जागृत हुआ है। पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें कहा कि पुलिस उनके साथ है, परेशानी होने पर सूचना दें, समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस पैदल गश्त के दौरान नगर के सर्राफा दुकानों सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर पहुंची और सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरा को चेक किया। थाना प्रभारी ने इन प्रतिष्ठानों के संचालकों को सुरक्षा की दृष्टिकोण से दुकान के अंदर एवं बाहर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीव्ही कैमरा लगवाने एवं कार्यरत् कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए साथ ही पुलिस कन्ट्रोल रूम एवं अपना मोबाईल नंबर नोट कराया।

त्यौहार के दौरान अत्यधिक संख्या में लोग खरीदी करने आते है जिस कारण नगर में काफी भीड़-भाड़ होती है इस दौरान सड़कों पर जाम की स्थिति निर्मित न हो, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए दुकानदारों को सामान बाहर न निकालने की हिदायत दी। पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में भय होगा, वहीं नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा का एहसास कर रहे हैं। गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी करते नजर आई।

भारतीय डाक विभाग की विशेष सामूहिक दुर्घटना बीमा पॉलिसी में 399 रुपए वार्षिक में मिलेगा 10 लाख का बीमा कवर'

-संवाददाता-

बैकुंठपुर 13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक बैकुण्ठपुर शाखा के शाखा प्रबंधक ने बताया कि भारतीय डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक नागरिकों के लिए एक विशेष दुर्घटना बीमा लेकर आया है, जिसमें वार्षिक 399 रूपए के प्रीमियम में बीमित व्यक्ति का 10 लाख का बीमा कवर प्राप्त होगा। इस दुर्घटना बीमा पॉलिसी में सभी प्रकार की दुर्घटनाएं जैसे सड़क दुर्घटना, आग, बिजली गिरना, इलेक्ट्रिक शॉक लगना, सर्पदंश, फिसल कर गिर जाना इत्यादि दुर्घटनाएं शामिल है।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना बीमा के अंतर्गत दुर्घटनावश मृत्यु, स्थायी रूप से पूर्ण विकलांगता, स्थायी रूप से आंशिक विकलांगता, दुर्घटनावश अंग विच्छेद एवं पैरालिसिस होने को स्थिती में 10 लाख का कवरेज होगा। अस्पताल खर्च ओपीडी के लिए 30 हजार तथा अस्पताल में भर्ती होने की स्थिती में 60 हजार तक नियत या वास्तविक दावा इनमें से जो कम है का प्रावधान होगा। इसके साथ ही अस्पताल में भर्ती होने पर 1 हजार प्रतिदिन अधिकतम 10 दिनों तक दैनिक भत्ता, पात्र 2 बच्चों के लिए अधिकतम 1 लाख तक शिक्षा लाभ, परिवार के लिए परिवहन सम्बन्धी लाभ 25 हजार या वास्तविक जो कम हो है।

'बीमा हेतु पात्रता

यह इंश्योरेंस कोई भी सामान्य नागरिक जिसकी उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच में है करा सकता है । बीमा कराने के लिए नागरिक के पास इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का खाता होना अनिवार्य है यदि किसी के पास खाता नहीं है तो वह नजदीकी पोस्ट ऑफिस में संपर्क कर तुरंत इस बीमा पॉलिसी का लाभ ले सकते हैं।

बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि भगत सूरजपुर जिले में

-संवाददाता-

सूरजपुर ,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत का सूरजपुर जिले में प्रवास दौरा कार्यक्रम तय हुआ है। जिसमें श्री भगत अंबिकापुर मार्ग से होते हुए विश्रामपुर पहुंचेंगे वहां भाजयुमो कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे स्वागत कार्यक्रम के बाद रेड नदी टोल नाके के पास स्वागत कार्यक्रम माता कर्मा चौक सूरजपुर में स्वागत कार्यक्रम रवि भगत जी माता कर्मा चौक पर माल्यार्पण करेंगे भाजयुमो कार्यकर्ता सूरजपुर नगर बाइक रैली के साथ उनका स्वागत करेंगे अग्रसेन चौक में भाजयुमो कार्यकर्ता व महिला मोर्चा के द्वारा उनका स्वागत कार्यक्रम शहर में बाइक रैली के दौरान तुलसी मां स्थित दुर्गा मंदिर में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

मछली पालने के लिए विभाग द्वारा दिया जा रहा है 10 दिवसीय मत्स्य पालन का प्रशिक्षण

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के हाथों हुआ शुभारंभ

-संवाददाता-

सूरजपुर ,13 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। विकासखण्ड प्रतापपुर के ग्राम रामपुर में मत्स्य पालन प्रशिक्षण 12 से 22 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। प्रशिक्षण में अनुसूचित जनजाति वर्ग के 30 मत्स्य पालकों जिसमें महिला स्व सहायता समूह की सदस्य भी शामिल हैं, जिन्हें मत्स्य पालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने मत्स्य पालकों को आग्रह किया कि ज्यादा ज्यादा प्रशिक्षण का लाभ लें और मछली पालन कर अपने आय को दोगुना करें छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा मत्स्य पालकों को भी और कृषि का दर्जा दिया गया है जिसमें उन्हें 0त्न ब्याज पर ₹300000 तक का लोन भी दिया जा रहा है इसका भी लाभ मत्स्य पालक ले सकते हैं इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को कॉपी पेन और जाल बिनने हेतु धागा का वितरण किया उन्होंने कहा कि आज के दौर में मल्टी लेयर फार्मिंग आवश्यक है जिसे एक ही खेत पर कई प्रकार का फसल लेकर आय दोगुना किया जा सकता है सभी किसान इस ओर ध्यान दें और अपने आय को दुगुनी करें मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण में मत्स्य पालकों को धागा वितरण, जाल बुनने, मत्स्य पालन हेतु तालाब की तैयारी, भूमि एवं पानी का परीक्षण, पालन योग्य मछलियां एवं अवांछित मछलियों के प्रकार एवं उन्मूलन, मत्स्य आहार, सघन मिश्रित एवं एकिकृत मत्स्य पालन, मत्स्यखेट, जाल के प्रकार विधियां एवं मत्स्य विपणन, मछलियों की बीमारी एवं रोकथाम का उपाय, मत्स्य बीज प्रक्षेत्र के अंतर्गत नर्सरी प्रबंधन एवं मत्स्य बीज उत्पादन संबंधी जानकारी, मछली पालन सह झिंगा पालन आदि विषयों पर सहायक मत्स्य अधिकारी निशांत के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान गांव के सरपंच शिवबरन सिंह सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर- जिला सरगुजा (छ0ग0)

//ईश्तहार//

रा0प्र0क्रं0 अ/2/2022-2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुन्नी देवी पत्नी नन्दलाल ठाकुर जाति नाई निवासी नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 607/76 रकबा 0.016 हे0 का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए शपथ पत्र,खसरा बी-1,पटवारी नक्शा,भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है,जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो,निर्धारित सुनवाई तिथि 29/10/2022 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्रं0 अ/27/2021-2022

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जमील अहमद अंसारी आ0 मुमताज आलम अंसारी, जाति-मुसलमान, निवासी ग्राम जुना गद्दीपारा अम्बिकापुर,तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम कांतिप्रकाशपुर स्थित भूमि खसरा नं0 207,316/5, 217/2, 217/3, 218, 219, 220, 222/2, 223/2, 224/2, 226/4 रकबा क्रमशः 0.081, 0.008, 0.057, 0.093, 0.021, 0.008, 0.036, 0.040, 0.113, 0.049, 0.028 हे0 भूमि का अनावेदक अफजाल अहमद अंसारी आ0 मुमताज आलम व अन्य,जाति मुसलमान, निवासी ग्राम जुना गद्दीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के मध्य खाता बंटवारा कराने बाबत आवेदन छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/11/2022 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

ऑस्ट्रेलिया रवाना हुए मोहम्मद शमी

टी 20 वर्ल्ड कप में जसप्रीत बुमराह की जगह हो सकते हैं शामिल

नई दिल्ली,13 अक्टूबर 2022। भारत के स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो चुके हैं। मोहम्मद शमी के साथ मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर भी ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुए हैं। जानकारी के मुताबिक मोहम्मद शमी जल्द ही टीम इंडिया से जुड़ जाएंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि मोहम्मद शमी को जसप्रीत बुमराह के जगह भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। आपको बता दें कि टी20 विश्व कप से ठीक पहले जसप्रीत बुमराह चोटिल हो गए हैं। जिसकी वजह से उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा है। जसप्रीत बुमराह के जगह किसे टीम में शामिल किया जाएगा, इसको लेकर बीसीसीआई की ओर से फाइनल निर्णय नहीं लिया गया है। इसके अलावा स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल दीपक चाहर भी चोटिल हो गए हैं जिसकी वजह से उन्हें भी बाहर होना पड़ा है।

दीपक चाहर के चोटिल होने की वजह से सिराज और शार्दुल ठाकुर को ऑस्ट्रेलिया भेजा जा रहा है। मोहम्मद शमी पहले स्टैंडबाई खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ थे। हालांकि, अब उन्हें 15 में शामिल किया जा सकता है। मोहम्मद शमी लिमिटेड ओवर क्रिकेट में कम ही खेलते हैं। लेकिन जिस तरीके से आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से उन्होंने प्रदर्शन किया था, उसके बाद से उनकी दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही थी। मोहम्मद शमी 2021 के वर्ल्ड कप टीम में भी शामिल थे। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के पास उन्हें ट्रोल भी किया गया था। फिलहाल भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में वॉर्म अप मुकाबले खेल रही है। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला मुकाबला भारतीय टीम जीत चुकी है।

आधिकारिक वॉर्म अप मुकाबला 17 और 19 अक्टूबर को भारत ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। भारतीय टीम के लिए टी20 विश्व कप का आगाज 23 अक्टूबर को होगा। उस दिन इसका मुकाबला चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से होगा। वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला 13 नवंबर को खेला जाएगा। भारत को ग्रुप दो में रखा गया है। इसमें भारत के अलावा पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश की टीम है। भारत को दूसरा मुकाबला 27 अक्टूबर को, तीसरा मुकाबला 30 अक्टूबर को, चौथा मुकाबला 2 नवंबर को और पांचवा मुकाबला 6 नवंबर को खेलना है।

अगले साल विश्व कप में पदक जीत सकती है भारतीय टीमः भास्करन

नई दिल्ली,13 अक्टूबर 2022। भारत के पूर्व कप्तान और कोच वासुदेवन भास्कन का मानना है कि भारत को राष्ट्रमंडल खेल फाइनल के खराब प्रदर्शन को भुलाकर तोक्यो ओलंपिक में अपने अभियान से प्रेरणा लेनी चाहिये। मॉस्को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के कप्तान रहे भास्करन ने कहा ,''मेरा मानना है कि भारतीय टीम इस विश्व कप में पदक जीत सकती है। उन्हें आस्ट्रेलिया के हाथों राष्ट्रमंडल खेल फाइनल में मिली हार को भुलाकर तोक्यो ओलंपिक में अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेनी चाहिये।''

उन्होंने कहा ,'' भारत के पास ग्राहम रीड के रूप में अच्छा कोच और सहयोगी स्टाफ है। मुझे लगता है कि वे ओडिशा में विश्व कप में पदक जीत सकते हैं।'' भास्करन ने कहा कि भारत को विश्व कप में स्पेन के खिलाफ सकारात्मक शुरूआत करनी चाहिये। विश्व कप 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में खेला जायेगा। भास्करन ने कहा ,'' अगर स्पेन के खिलाफ पहला मैच जीत लेते हैं तो पदक के मुकाबले में पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता।''

आठ बार की ओलंपिक चैम्पियन भारतीय टीम ने विश्व कप में 1973 में कांस्य और 1975 में स्वर्ण पदक जीता है। भास्करन 1973 विश्व कप टीम का भी हिस्सा थे जिन्होंने उस टूर्नामेंट में पाकिस्तान पर मिली जीत को सबसे यादगार जीत बताया। उन्होंने कहा ,'' जज्बात ऊफान पर थे। भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए युद्ध की यादें ताजा थी। हरचरण सिंह और हरमिक सिंह पठानकोट से थे और उन्होंने जंग बहुत करीब से देखी थे। इसलिये वे जीत को बेताब थे।

पूर्व क्रिकेटर क्ली स्मिथ स्वतंत्र निदेशक के रूप में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जुड़ीं

मेलबर्न,13 अक्टूबर 2022। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को पूर्व महिला क्रिकेटर क्ली स्मिथ को स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। वह व्यवसाय प्रबंधन, खिलाड़ी कल्याण और एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के रूप में सीए बोर्ड में अपना अनुभव साझा करेंगी। एक पूर्व आस्ट्रेलियाई और विक्टोरियन ओपनिंग गेंदबाज ने दो आईसीसी विश्व कप जीत और पांच राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने वाली टीमों में भाग लिया और एस्सेनडन मेरिबिरनॉन्ग पार्क लेडीज क्रिकेट क्लब की आजीवन सदस्य हैं। कुल मिलाकर उन्होंने आस्ट्रेलिया के लिए एक टेस्ट, 48 वनडे और 13 टी20 मैच खेले।

क्ली ने कहा, ÷मैं वास्तव में सीए बोर्ड में शामिल होने और खेल के विकास के लिए किए जा रहे काम को जारी रखने के लिए अपने साथी निदेशकों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। यह क्रिकेट के लिए एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण समय है। मुझे उम्मीद है कि एक खिलाड़ी के रूप में मेरा अनुभव, एसीए के साथ और व्यवसाय में मेरे साथी निदेशकों के कौशल का पूरक होगा जैसा कि हम भविष्य में देखते हैं।÷

क्ली ने आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसीए) के लिए कई भूमिकाओं में काम किया, जिसमें सदस्य कार्यक्रमों के महाप्रबंधक, पिछले खिलाड़ी और रणनीतिक परियोजनाएं और राष्ट्रीय प्रबंधक पिछले खिलाड़ी कार्यक्रम शामिल हैं।

वह वर्तमान में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण कंपनी, द माइंड रूम की मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

सीए अध्यक्ष ने कहा, ÷क्ली अपने खेलने और प्रबंधन के अनुभव के साथ सीए बोर्ड में आई हैं और उम्मीद है कि वह बोर्ड के लिए एक उपयोगी अधिकारी बनेगी। ऐसे समय में जब आस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ियों और हमारे सभी लोगों के सामने आने वाली मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, क्ली का इस क्षेत्र में अनुभव भी अमूल्य साबित होगा।÷

डोपिंग के मामले में कमलप्रीत कौर पर तीन साल का प्रतिबंध

नई दिल्ली ,13 अक्टूबर 2022। भारत की सबसे बेहतरीन एथलीट में शामिल चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर पर तीन साल का बैन लगाया गया है। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई ने डोपिंग के मामले में उन पर कार्रवाई की है। उनका 29 मार्च 2022 से प्रभावी होगा और मार्च 2025 में खत्म होगा। इसी साल सात मार्च के दिन एआईयू ने पटियाला में कमलप्रीत की जांच की थी और उन्हें स्टेरॉयड पॉजिटिव पाया गया था। इसके बाद इसी साल मई में उन्हें अस्थाई रूप से निलंबित किया गया था।

कमप्रीत के सैंपल में स्टेनोजोलोल पाया गया था। यह एक विशिष्ट एनाबोलिक स्टेरॉयड है और विश्व एथलेटिक्स के अनुसार यह प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल है।

एआईयू ने बयान में कहा ''एआईयू ने भारत की कमलप्रीत कौर को प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी/इस्तेमाल करने पर 29 मार्च 2022 से तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। सात मार्च 2022 के बाद उन्होंने जिन भी प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, सभी में उनके नतीजे अमान्य होंगे।

कमलप्रीत ने अपने दूसरे सैंपल की जांच कराने से इनकार कर दिया है। एआईयू ने कहा ''11 अप्रैल 2022 को कमलप्रीत ने कहा था कि जब तक खर्च में उनकी सहायता नहीं की जाती तब तक वह बी सैंपल के आकलन या ए नमूने और/या बी नमूने के प्रयोगशाली दस्तावेजीकरण पैकेज की मांग नहीं करेंगी।''

कमलप्रीत तोक्यो खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए छठे स्थान पर रहीं थी। उन्होंने पिछले साल तोक्यो खेलों से पहले 65.06 मीटर दूर चक्का फेंक राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने तोक्यो खेलों के दौरान क्वालिफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी जहां वह 63.70 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ सातवें स्थान पर रहीं थी। यह किसी भारतीय खिलाड़ी का फील्ड स्पर्धाओं में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। छब्बीस साल की कमलप्रीत ने निजी प्रयोगशाला में चार सप्लीमेंट का आकलन कराया था और एक प्रोटीन सप्लीमेंट में 'स्टेरॉयड के अंश' मिले थे। उन्हें नई दिल्ली में राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला में प्रोटीन सप्लीमेंट के परीक्षण की स्वीकृति मिली थी जिसमें स्टेनोजोलोल मिला था।

कमलप्रीत को इसके बाद बुलाया गया और उन्होंने कहा कि वह 10 से 15 फरवरी 2022 के आसपास से ट्रेनिंग के दिनों के दौरान हफ्ते में पांच दिन प्रोटीन सप्लीमेंट ले रहीं थी और उन्होंने डोप टेस्ट से दो दिन पहले भी ऐसा किया। हालांकि, वह यह स्पष्टीकरण नहीं दे पाई कि उन्हें ये सप्लीमेंट कहां से मिले।

एआईयू ने इसके बाद सात सितंबर को उन्हें नोटिस दिया। कमलप्रीत ने एआईयू से नोटिस मिलने के 20 दिन के भीतर उल्लंघन की बात और साथ ही प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली और उनका प्रतिबंध चार साल से घटाकर तीन साल कर दिया गया।

ऋषभ शेट्टी की फिल्म ने केजीएफ-2 को पिलाया पानी



साउथ की फिल्में इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है। इसी बीच साउथ की एक फिल्म काफी चर्चा में बनी हुई है, जिसका नाम हैं कांतारा। ये फिल्म को लेकर सोशल मीडिया हर जगह छाइ हुई है। अब इस फिल्म की कमाई के नए आंकड़े सामने आए है, जिसने सबको हैरान कर के रख दिया है। इस फिल्म को रिलीज हुए 10 दिन से ज्यादा का समय हो गया है। अब फिल्म ने एक ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है, जिसने सबको चौंका दिया है। फिल्म ने दूसरे मंगलवार को यश की केजीएफ2 को पीछे कर दिया है। रिषभ शेट्टी के निर्देशन में बनी कन्नड़ फिल्म कांतारा को लेकर खूब चर्चा हो रही है। ये फिल्म 30 सिंतबर को रिलीज हुई थी। जानकारी के लिए बता दें कि ये फिल्म हिंदी नहीं बल्कि कन्नड भाषा में रिलीज हुई है। इस फिल्म की पहले दिन कमाई ठीक-ठाक रही, लेकिन उसके बाद कांतारा की कमाई तेजी से आगे बढ़ने लगी। रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ने दूसरे मंगलवार को 4 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। इस फिल्म की कमाई केजीएफ2 के दूसरे मंगलवार की कमाई के ज्यादा है। जहां कांतारा ने 4 से ज्यादा की कमाई की है, तो वही यश की केजीएफ 2 ने 3 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म की कमाई देखने के बाद मेकर्स काफी खुश नजर आ रहे है। कांतारा को मिल रहे बेहतरीन रिस्पॉन्स को देखने के बाद मेकर्स ने इस फिल्म को हिंदी में भी रिलीज करने का फैसला किया है। रिषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा का अभी हाल ही में हिंदी ट्रेलर रिलीज किया है, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया है। ये फिल्म हिंदी में 14 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर आपकी क्या राय है, कमेंट कर के हमें जरूर बताएं।

पोल्का डॉट साड़ी में अंजलि अरोड़ा ने ढाया कहर

सोशल मीडिया सेंसेशन अंजलि अरोड़ा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका ड्रेसिंग सेंस और डांस मूव्स फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा देती हैं। वहीं, एक्ट्रेस अपनी लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में साड़ी पहने अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें वो बेहद ही कमाल की नजर आ रही हैं। अंजलि अरोड़ा ने ग्लैमरस अंदाज में अपना लेटेस्ट फोटोशूट करवाया है, जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही कमाल की अदाकारा नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा ग्रीन ब्लाउज के साथ रेड कलर की पोल्का डॉट वाली साड़ी में कहर बरपा रही हैं। अंजलि अरोड़ा अपने इस आउटफिट के साथ अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा ने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए ग्रीन व्हाइट ईयरिंग्स पहन रखे हैं। साथ ही अपने बालों को खुला रखा है। अंजलि अरोड़ा अपने कातिलाना अंदाज से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए हुए हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वहीं, फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। अंजलि अरोड़ा हरियाणवी सॉन्ग से लेकर पंजाबी गानों के कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं। एक्ट्रेस ने दिलेर खरकिया के गाने तेरे बारगी गाने में लीड रोल निभाया है। कुछ महीने पहले एक्ट्रेस अंजली अरोड़ा, बॉलीवुड की धाकड़ एक्ट्रेस कंगना रनौत के शो लॉकअप में भी नजर आई थी। यहां उनका नाम कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी के साथ जोड़ा जाने लगा था। अंजलि के इंस्टाग्राम पर 12 मिलियन फॉलोवर्स हैं। साथ ही उनकी फैन फॉलोइंग दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है।

ऐश्वर्या राजेश-स्टारर फरहाना पहुंची पोस्ट प्रोडक्शन के अंतिम चरण में

निर्देशक नेल्सन वेंकटेशन की आगामी फिल्म, फरहाना, जिसमें अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश मुख्य भूमिका में हैं, पोस्ट-प्रोडक्शन के अंतिम चरण में है। फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। फिल्म की यूनिट से जुड़े सूत्रों का कहना है कि, शूटिंग समय पर पूरी हो गई थी और फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन का काम भी अपने अंतिम चरण में है। टीम फिल्म का पहला गाना रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ड्रीम वॉरियर पिक्च र्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में ऐश्वर्या एक ऐसा किरदार निभाती नजर आएंगी, जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया है। निर्देशक सेल्वाराघवन, जीतन रमेश, किट्टी, अनुमोल और ऐश्वर्या दत्ता सहित अभिनेता भी इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसका छायांकन गोकुल बेनॉय द्वारा किया गया है, जो पन्नैयारम पद्मिनियम, मॉन्स्टर और रत्चसी जैसी फिल्मों में अपने दृश्यों के लिए जाने जाते हैं।

जस्टिन प्रभाकरन, फिल्म के संगीत निर्देशक हैं जबकि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता साबू जोसेफ इसके संपादक हैं। लोकप्रिय कवि और लेखक मानुष्यपुत्रन ने फिल्म के संवाद लिखे हैं। लेखक शंकर दास और रंजीत रवींद्रन ने पटकथा के लिए निर्देशक नेल्सन के साथ सहयोग किया है।

मिली में नर्सिंग स्टूडेंट बनी हैं जाह्नवी कपूर

फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने ट्विटर पर फिल्म मिली से अपनी बेटी जाह्नवी कपूर का पोस्टर शेयर किया है। फिल्म से जाह्नवी का लुक सामने आने के बाद से सोशल मीडिया पर इस फिल्म की चर्चा हो रही है। फिल्म में जाह्नवी एक 24 साल की नर्सिंग स्टूडेंट के किरदार में नजर आएंगी। पोस्टर में वह सीधी-सादी चुलबुली लड़की के रूप में नजर आ रही हैं। इस पोस्टर पर जाह्नवी के दोस्त और प्रशंसक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं।

बोनी कपूर ने फिल्म मिली से जाह्नवी के दो लुक शेयर किए। एक लुक में वह एक साधारण और खुशनुमा लड़की के रूप में नजर आ रही हैं। इस पोस्टर पर लिखा है, नाम~ मिली नौडियाल, उम्र~ 24 साल, योग्यता~ क्क्रस्ह्र नर्सिंग ग्रेजुएट। इस पोस्टर के साथ कैप्शन में बोनी ने लिखा कि एक घंटे में उसकी जिंदगी बदल जाएगी। एक घंटे बाद बोनी ने एक और पोस्टर शेयर किया जिसमें जाह्नवी ठंड से ठिठुरती दिखाई दे रही हैं।

मिली एक थ्रिलर फिल्म है जो इस किरदार के सर्वाइवल पर आधारित है। इसमें जाह्नवी के साथ सनी कौशल और मनोज पाहवा नजर आएंगे। यह मलयालम फिल्म हेलेन का हिंदी रीमेक है। इसका निर्देशन मथुकुट्टी जेवियर कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पिछले साल अगस्त में शुरू हो गई थी। हेलेन की अभिनेत्री अन्ना ने रीमेक पर खुशी जताते हुए मीडिया से कहा था कि वह इसके लिए उत्सुक हैं। उन्हें फिल्म में जाह्नवी को देखने का भी इंतजार है। एक हालिया इंटरव्यू में जाह्नवी ने अपने कामकाज और अपनी छवि को लेकर बात की।

अपना बाजार
Contact
98265-32611

महिलाओं हेतु विशेष
डी.एस.एम. प्रशिक्षण केन्द्र
- हमारे यहां सिलाई, कढाई, पेंटिंग एवं टेडी वियर (खिलौना) का प्रशिक्षण दिया जाता है।
- कोर्स करने की अवधि 6 माह।
- कोर्स समाप्त होने पर डिप्लोमा दिया जायेगा।
नोट :- प्रशिक्षण के पश्चात नौकरी की गारंटी सह प्रशिक्षण
सुषमा लेडिज टेलर्स
हमारे यहा ब्लाउज, पेटीकोट, सलवार सूट, स्कूल ड्रेस सिलाई एवं पीको फॉल का काम किया जाता है।
स्थान :- फुन्दुरडिहारी चौक, महुआपारा रोड, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) मो. 9669913653

पोताई के लिए संपर्क करें
उच्च स्तर के कारीगारों द्वारा पेंट, पॉलिस, पुट्टी निर्धारित समय अवधि में न्यूनतम दरों पर करनें की सुविधा उपलब्ध।
नोट :- सुविधा- सुरगुजा, सूरजपुरस कोरिया जिलों के लिए संपर्क करें - 78692-83557

AADI COMPUTER
CPU,LED Repairing
हमारे यहाँ सभी प्रकार के CPU,MONITOR, LED,PRINTER,CC.TV. CAMERA का रिपेयरिंग एवं टोनर का रिफिलिंग किया जाता है
Contact:- 8085059097,9340593823
Near Holy Cross Hospital,Mission Chowk, Tiwari Bulding Road,Ambikapur

संक्षिप्त समाचार

छत्तीसगढ़ में बोर्ड परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीख का ऐलान

रायपुर, 13 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10 वीं -12 वीं परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। इसके अंतर्गत स्वाध्यायी छात्र 30 नवंबर से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

आतंकी फंडिग मामले में आरोपी धीरज साव को मिली जमानत

रायपुर, 13 अक्टूबर 2022। राजधानी से बड़ी खबर सामने आ रही है जिसमें आतंकी फंडिंग मामले में दोषी ठहराए गए मुख्य आरोपी धीरज साव को जमानत मिल गई है। हाई कोर्ट ने धीरज साव को जमानत पर रिहा करने के दिये आदेश। 50 हजार रुपये के बांड और लोकल जमानतदार की शर्त पर दिया जमानत।

गैर इरादतन हत्या मामले में फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

गलत इंजेक्शन देने से नाबालिग की हुई थी मौत

रायगढ़, 13 अक्टूबर 2022। थाना लैलूंगा में मृतिका इरफा खान पिता नबाव खान उम्र 07 साल निवासी शांतिनगर लैलूंगा के मृत्यु से संबंधित मर्ग जांच पर बुखार से तड़प रही बालिका की स्थिति जानते हुए कथित प्रायवेट डाक्टर तिरथो राम प्रधान बालिका को इरफा खान को चेक कर ईलाज के नाम पर एक इंजेक्शन लगाया जिसके बाद बालिका का तबियत और खराब होने लगा और उसने दम तोड़ दिया तिरथो प्रधान पर मर्ग जांच गैर इरादतन हत्या का मामला पंजीबद्ध किया गया है। मर्ग जांच दौरान मृतिका के पिता ने बताया कि दिनांक 01.11.2021 को सबेरे सोकर उठा तो लडकी इरफा खान को काफी तेज बुखार था। तब पडोस में रहने वाले तिरथो राम प्रधान निवासी ग्राम केनापारा जो लैलूंगा शांतिनगर में रहकर प्रायवेट ईलाज करता है, उसके घर ले जाकर लड़की को दिखाये।

तिरथो लड़की को चेक कर उसे एक के बाद एक तीन इंजेक्शन लगाया, जिसके बाद लडकी इरफा खान का तबियत और खराब होने लगा, लड़की बाथरूम गयी, बाथरूम से निकलने के बाद उसके मुंह, नाक से झाग निकलने लगा। तब तिरथो राम प्रधान बोला कि लडकी का ज्यादा तबियत खराब हो रहा है, चलो अस्पताल ले चलते है। तुरंत सीएचसी अस्पताल लैलूंगा गए। डॉक्टर लड़की को चेक कर मृत्यु हो गया है।

आईएएस समीर विश्नोई ने मनगढ़ंत केस में फंसाने का लगाया आरोप,इधर पत्नी ने मुख्यमंत्री बघेल को लिखा पत्र

कहा- ईडी के अधिकारियों ने दबाव बनाकर दस्तावेजों में कराए हस्ताक्षर

रायपुर, 13 अक्टूबर 2022। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई ने एजेंसी पर मामला गढ़कर फंसाने का आरोप लगाया है. वहीं दूसरी ओर समीर विश्नोई की पत्नी प्रीति विश्नोई ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर ईडी के अधिकारियों पर फंसा देने की धमकी देकर दस्तावेजों में हस्ताक्षर करवाने की बात कही है.

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने आईएएस समीर बिश्नोई, सुनील अग्रवाल और लक्ष्मीकांत तिवारी को अपर सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में पेश किया. ईडी तीनों आरोपियों का एक सप्ताह का ट्रांजिट रिमांड मांग रही है. वहीं दूसरी ओर अदालत में आईएएस समीर बिश्नोई की ओर से वकील एसके फरहान, लक्ष्मीकांत तिवारी के लिए फैजल रिजवी और कारोबारी सुनील अग्रवाल के लिए दिल्ली से आए विजय अग्रवाल पैरवी कर रहे हैं.

उधर दूसरी ओर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई की पत्नी प्रीति विश्नोई ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखा है. बताया कि देवेंद्र नगर के आफिसर्स कॉलोनी स्थित उनके निवास में 11 अक्टूबर को लगभग सुबह 5.30 से 6.00 बजे के मध्य लगभग 15-20 लोग अचानक मेरी बिना अनुमति व सहमति में प्रवेश कर लिया. पूछने पर उन्होंने बिना कोई जवाब दिए घर के सामान को उलट-पुलट करने लगे, उसी समय मेरे पति भी पहुंच गए. उनके पूछने पर एक व्यक्ति ने अपना नाम ऋषि वर्मा बताते हुए ईडी विभाग से आने की बात कही. इस पर हमने आने की वजह पूछने पर उन लोगों ने हमारे साथ बदतमीजी करते हुए मुझसे और मेरे पति से मोबाइल फोन ले लिया.

हमने ऋषि वर्मा एवं उसके सहयोगियों से विधिवत तरीके से ईसीआईआर और शेड्यूल एफआईआर की कापी देने की बात कही. इस पर उन्होंने इसको देने के लिये बाध्य नहीं होने की बात कहते हुए मुझसे एवं मेरे पति से घर में दबाव डालकर कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर लिये गए. इसके पश्चात अगले दिन 12 अक्टूबर को ऋषि वर्मा एवं उनके साथी मुझे और मेरे पति को अपने वाहन में ले जाने लगी. इस पर ऋषि वर्मा एवं उनके सहयोगियों से हमने आग्रह किया, कि घर में दो छोटे-छोटे बचे के लिए कोई नहीं हैं. इस पर भी हमारी बात नहीं सुनते हुए हमें जबरन पचपेढ़ीनाका स्थित आफिस में ले जाया गया.

ऑफिस में उन लोगों ने मुझे एवं मेरे पति पर जबरन दबाव डालते हुए कहा कि हम जो बात बोल रहे हैं, वैसी ही बात आपको जेडी सर और आहूजा सर को बयान देकर बताना होगा. बयान देने से इंकार करने पर ऋषि वर्मा और उसके सहयोगियों ने बताये अनुसार बयान नहीं देने पर तुम लोगों और तुम्हारे परिवारवालों को जिंदगी भर के लिये जेल में सड़ा देने की धमकी दी. इस पर मैं और मेरे पति अत्यंत भयभीत हो गए.

इसी बीच वहाँ हेमन्त नाम के अधिकारी वहाँ आये, जिन्होंने अपना परिचय ईडी के डिप्टी डायरेक्टर के रूप में देते हुए मेरे पति समीर विश्नोई को जबरन बयान देने की बात का दबाव डालकर उनका कैरियर बर्बाद करने की धमकी दी गई. इसके साथ ऋषि वर्मा और उसके सहयोगियों ने मुझे एवं मेरे पति को धमकी दी कि यदि आप लोग हमारे दिये दस्तावेजों में हस्ताक्षर नहीं किये तो हम लोग आपके परिवार में जितने भी लोग हैं सबको झूठे मामले में फंसा देंगे।

मोबाइल हुआ बैन,स्कूल में शिक्षक नहीं चला सकते सेलफोन

मोबाइल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध

दुर्ग , 13 अक्टूबर 2022। जिले के स्कूलों में मोबाइल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्यों को निर्देश भी जारी कर दिया है। दरअसल काफी समय से शिकायत मिल रही थी कि शिक्षक स्कूल पीरियड में भी मोबाइल चलाते हैं। शिक्षक पढ़ाना छोड़ क्लास टाइमिंग में भी सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। शिकायतों के बाद ही दुर्ग के जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देश जारी किया है कि कोई भी शिक्षक स्कूल परिसर में मोबाइल का उपयोग नहीं करेगा।

कई स्कूलों में इंस्पेक्शन के दौरान भी शिक्षकों को मोबाइल पर व्यस्त रहते देखा गया था। लिहाजा अब डीईओ ने सख्त आदेश जारी कर दिया है। इतना ही नहीं बच्चे भी स्कूल में मोबाइल नहीं ला सकेंगे।

डीईओ का निर्देश

विषयान्तर्गत के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि अपने विद्यालय के समस्य शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को निर्देशित करें कि मोबाइल फोन का उपयोग कक्षा में करें। इस संबंध में आपको पूर्व में भी निर्देशित किया जा चुका है, कि शाला परिसर में मोबाइल का उपयोग पूर्व रूपेण प्रतिबंधित किया जाये।

टीचर्स एसोसिएशन ने जताया कड़ा विरोध

टीचर्स एसोसिएशन ने इस निर्देश का विरोध करना भी शुरू हो गया है। टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है कि कक्षा के दौरान मोबाइल प्रतिबंध उचित है। मगर शाला परिसर में प्रतिबंध का हम विरोध करते हैं। आज शासन का ऐसा कोई आदेश या निर्देश नहीं है जो मोबाइल पर नहीं आया। एसोसिएशन का कहना है कि जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के आदेश का पालन नहीं किया जाएगा।

आईएएस समीर विश्नोई सहित तीन आरोपी 8 दिन के रिमांड पर,विशेष अदालत ने सुनाया फैसला

रायपुर। आईएएस समीर विश्नोई समेत तीन अन्य को विशेष अदालत ने 8 दिनों की रिमांड पर भेज दिया है. कोयला कारोबार में वित्तीय लेन-देन और मनी लॉड्रिंग की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने द्बस् समीर विश्नोई, कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल और फरार चल रहे सूर्यकांत तिवारी के चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी को कोर्ट में पेश किया था. माना जा रहा है कि रिमांड के दौरान ईडी पूछताछ के जरिए कई खुलासे कर सकती है.

स्पेशल कोर्ट ने अपने आदेश में आरोपियों के वकीलों को हर 2 दिन में एक बार केवल 1 घंटे के लिए मुलाकात करने की अनुमति दी है. वकील अपने मुवक्किल से 1 घंटे मिल सकेंगे.

ईडी को मिला ये निर्देश

साथ ही अरोपियों से पूछताछ के बीच वकील अपने मुवक्किल को देख और सुन सकते हैं. कोर्ट ने ईडी को निर्देशित किया है कि भविष्य में अपने फाइल को पूरी तरह तैयार कर लाया जाए. प्रॉपर नम्बरिंग पेज और फाइल तैयार कर डेस्क में जमा किया जाए.

अपर सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की विशेष अदालत में सुनवाई के दौरान ईडी ने दो दिनों तक चली कार्रवाई के बाद चारों आरोपियों के ठिकानों से नगद सहित बरामद अन्य सामग्रियों की जानकारी दी. वहीं दूसरी ओर आईएएस समीर बिश्नोई के वकील एसके फरहान, लक्ष्मीकांत तिवारी के वकील फैजल रिजवी और कारोबारी सुनील अग्रवाल के वकील विजय अग्रवाल ने अपनी दलील पेश की.

लक्ष्मीकांत तिवारी के वकील फैजर रिजवी ने मीडिया से चर्चा में बताया कि ईडी ने 8 दिन की कस्टडी मांगी है, हमने उसका विरोध किया है. आईटी रेड पहले हुई थी, जो भी मिला है वह इनकमटैक्स में मिला है. वह श्वष्ठ के शेड्यूल ऑफेंस में नहीं आता है. वकील ने गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हुए कहा कि बेस पर उन्होंने (श्वष्ठ) गिरफ्तारी की है उसकी जानकारी अभी दी जाएगी. जितने भी कैश मिले, सभी आईटी की कार्रवाई में मिले है.

सुनील अग्रवाल के वकील विजय अग्रवाल ने बताया कि हमने रिमांड पर विरोध जताया है. श्वष्ठ ने जो तरीका अपनाया वह गलत है. जो गिरफ्तार किया है, वह भी गैर कानूनी है. यह आईटी का मामला है ईडी का नहीं. आईटी के कार्रवाई में कैश मिले थे, उस पर ईडी ने कैसे कार्रवाई कर दी. हमने गिरफ्तारी का विरोध किया है.

जिला खनिज न्यास का दफ्तर भी सील, कलेक्ट्रेट में ईडी की कार्रवाई जारी

रायपुर, 13 अक्टूबर 2022। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने आज कोरबा कलेक्ट्रेट में छापा मारा है। टीम के लोग एक बस में पहुंचे, जिनके साथ सीआरपीएफ के जवान भी मौजूद है। कलेक्टर परिसर के भीतर लोगों की आवाजाही पर बंदिश लगा दी गई है। परिसर लगभग छावनी में तब्दील कर दी गई है। जिला खनिज न्यास का दफ्तर भी सील किया गया है। इसी तरह रायगढ़ कलेक्ट्रेट में भी ईडी ने दबिश दी है।

मालूम हो कि प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छत्तीसगढ़ में पिछले 4 दिनों से डेरा डाल रखा है। वह खनिज और कोयले में घोटाले और मनी लांड्रिंग की जांच कर रही है। इसी सिलसिले में आज रायपुर से एक आईएएस समीर विश्नोई और दो कारोबारियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

अभी अधिकारिक रूप से यह जानकारी सामने नहीं आई है कि ईडी की टीम कलेक्ट्रेट के किन कार्यालयों में कौन-कौन से दस्तावेजों की तलाश कर रही है।

केन्द्रीय जांच एजेंसियां भाजपा की अनुषांगिक संगठन बन गयी : कांग्रेस

रायपुर, 13 अक्टूबर 2022। कांग्रेस ने कहा कि ईडी, सीबीआई, आईटी भाजपा के अनुषांगिक संगठन की भांति काम कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश में जबसे मोदी सरकार बनी है वह केन्द्रीय एजेंसियों का मनमाने दुरूपयोग कर रही है। राजनैतिक विरोधियों को दबाने तथा सत्ता रूढ भाजपा के राजनैतिक हितों को साधने सेन्ट्रल एजेंसियो के दुरूपयोग का ऐसा उदारण इतिहास में कभी देखने नही मिला है। अपनी स्थापना के बाद ईडी में कुल 5422 केस दर्ज हुये है और इनमे से 5310 केस भाजपा की मोदी सरकार के दौरान 8 साल में दर्ज किये गये है। उसके पहले ईडी ने सिर्फ 112 केस दर्ज किया था। इनमें से 95 प्रतिशत विरोधी दल के नेताओं के खिलाफ दर्ज किया गया है तथा एक भी भाजपा नेता के यहां ईडी ने न कभी छापा मारा और न ही कोई केस दर्ज किया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 2014 में केंद्र में बीजेपी के सत्ता में आने के बाद से प्रमुख विपक्षी नेताओं को घेरने के लिए जांच एजेंसियों का ज्यादा इस्तेमाल किया गया है। मोदी सरकार के 8 साल के शासन में 95 फीसदी मामले केवल विपक्षी दल के नेताओं के खिलाफ़ किए गए हैं। जो नेता भाजपा में शामिल हो गये उनके खिलाफ भाजपा ने जांच बंद करवा दिया। नारायण राणे, मुकुल राय, हेमंत बिसवा सरमा, येदुरप्पा, एकनाथ शिंदे जैसे दर्जनों नेता जिनके खिलाफ ई डी, आई टी और सीबीआई की कार्यवाही चल रही थी, बकायदा एफआईआर दर्ज है, भाजपा में शामिल होते ही सदाचारी हो गए सारे आरोपों से मुक्त हो गये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब विपक्षी दल के नेताओं के यहां या विपक्षी सरकार को परेशान करने की नीयत से सेन्ट्रल एजेंसियों छापा मारती है तो भाजपा के नेता बेशर्मीपूर्वक इनके प्रवक्ता की भांति उनके समर्थन में बयानबाजी करते है। जैसे की वे सब ईडी, आईटी के प्रवक्ता है। छत्तीसगढ़ में रमन सिंह ईडी के समर्थन में जिस प्रकार बयानबाजी कर रहे उससे साफ हो रहा कि ईडी की कार्यवाही भाजपा की राजनैतिक साजिश है।

गोदाम से चोरी ट्रेलर वाहन के क्राउन के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़, 13 अक्टूबर 2022। डभरा रोड खरसिया में रहने वाले रितिक गोयल (35 साल) थाना खरसिया आकर उसके ग्राम रानीसागर स्थित गोदाम में रखा ट्रेलर वाहन का पुराना कबाड सामान लोहे का क्राउन को ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 486/2022 धारा 457, 380 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। माल, मुलजिम पतासाजी दौरान प्रार्थी व मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर क्षेत्र के संदिग्ध टेकलाल पटेल निवासी बोतल्दा का पता तलाश कर रात्रि गश्त घेराबंदी कर संदेही को हिरासत में लिया गया।

सैनिक कल्याण बोर्ड के राज्य प्रबंधन समिति की 14 वीं बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

राज्य प्रबंधन समिति
राजभव
13

रायपुर, 13 अक्टूबर 2022। राज्यपाल अनुसुईया उइके की अध्यक्षता में गुरुवार को राजभवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की 14वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में 11 निर्धारित एजेंडो पर विस्तृत चर्चा की गई और भूतपूर्व सैनिकों के हितों में महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। भूतपूर्व सैनिकों को दी जाने वाली विभिन्न सहायता राशि व सम्मान में बढ़ोत्तरी को भी स्वीकृति दी गई।

राज्यपाल उइके ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड के दो वर्षों में हम सभी के साथ-साथ भूतपूर्व सैनिक परिवार को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और सैनिक कल्याण बोर्ड की आय भी प्रभावित हुई। राज्यपाल ने सैनिकों के कल्याण के लिए चर्चा-परिर्चाओं में भूतपूर्व सैनिक परिवार के सदस्यों से भी बात करने और सुझाव लेने को कहा ताकि उनके समस्याओं के बारे में सटीक जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा शहीद जवानों के शौर्य और साहस से परिचय कराने के लिए पहल करने का सुझाव दिया। इस आशय गांव के चौक-चौराहों आदि में स्थानीय शहीद सैनिकों, सेनानियों की प्रतिमा तथा उनसे जुड़ी जानकारी साझा करने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए।

राज्यपाल ने मुख्य सचिव जैन से कहा कि शासन द्वारा शासकीय सेवा में भर्ती के लिए जारी विज्ञापनों को सैनिक कल्याण बोर्ड को भी प्रेषित किया जाए, ताकि बोर्ड को भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित सीटों की जानकारी मिले और उनके द्वारा भूतपूर्व सैनिकों को इससे अवगत कराया जा सके। उन्होंने युवाओं को भूतपूर्व सैनिकों के अनुभव का लाभ दिलाने के दृष्टिकोण से भी पहल करने की बात कही।

राज्यपाल ने अंत में कहा कि आज भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु लिए गए सारे निर्णय अति महत्वपूर्ण हैं। इससे निश्चित ही सैनिक परिवारों को लाभ मिलेगा और आगे भी इस प्रकार के प्रयास सतत् जारी रहेंगे।

» विभिन्न सम्मान व प्रोत्साहन राशि में की गई बढ़ोत्तरी

बैठक में सैनिक कल्याण बोर्ड के राज्य प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने भी सुझाव देते हुए कहा कि बोर्ड द्वारा भूतपूर्व सैनिकों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी तथा आवेदन के लिए मोबाईल एप्प तैयार करने को कहा। इससे आवेदन प्रक्रिया आसान होगी और भूतपूर्व सैनिकों को अनावश्यक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बैठक में निर्धारित 11 एजेण्डों के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्यय, वित्तीय वर्ष 2021-22 के लेखा परीक्षण तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुमानित बजट की जानकारी दी गई।

बैठक में समिति द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के पेंशनर को प्रतिमाह दी जाने वाली चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता राशि 7 हज़ार से बढ़ाकर 10 हज़ार रुपये करने की स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही भूतपूर्व सैनिक जिनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है एवं अत्यंत गरीब हैं, उन्हें दी जा रही आर्थिक सहायता को 30 हजार से 50 हजार रूपए दिये जाने के प्रस्ताव के स्थान पर एक लाख रूपए देने का निर्णय लिया गया। भूतपूर्व सैनिकों, जिनकी उम्र 75 वर्ष से अधिक है, उनको दिये जाने वाले सम्मान राशि में बढ़ोत्तरी की गई है, तदनुसार 75 वर्ष पूर्ण होने की सीमा को घटाकर 70 वर्ष किया गया तथा 70 वर्ष पूर्ण होने पर 70 हजार, 75 वर्ष पूर्ण होने पर 75 हजार, 80 वर्ष पूर्ण होने पर 80 हजार तथा 90 वर्ष पूर्ण होने पर 90 हजार, 95 वर्ष पूर्ण होने पर 95 हजार, 100 वर्ष पूर्ण होने पर 01 लाख एक मुश्त तथा 100 वर्ष से अधिक उम्र पर प्रतिवर्ष 01 लाख रूपए प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। इसी प्रकार भूतपूर्व सैनिकों को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रदाय आर्थिक सहायता राशि को 500 रूपए से बढ़ाकर 05 हजार रूपए किया गया।

भूतपूर्व सैनिकों को स्वरोजगार हेतु दी जाने वाली एक मुश्त 15 हजार रूपए की आर्थिक सहायता के लिए निर्धारित मासिक आय सीमा 6 हजार रूपए से बढ़ाकर 25 हजार किया गया। इसी प्रकार भूतपूर्व सैनिकों के केवल एक पुत्र को एन.डी.ए./आई.एम.ए./ओ.टी.ए. में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु दी जाने वाली 1000 रूपए के सम्मान राशि को 3000 रूपए किये जाने के प्रस्ताव पर राज्यपाल ने सम्मान राशि को 10 हजार करने के साथ-साथ केवल पुत्र के स्थान पर पुत्री को भी प्रदाय किये जाने को स्वीकृति प्रदान की।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)